राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 151 पृष्ठः 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## पीएम-सेतु योजना के तहत पहली निवेश योजना को मंजूरी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं उद्यमिता रूपांतरण योजना (पीएम-सेतु) के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया द्वारा प्रस्तुत विशाखापट्टनम आईटीआई क्लस्टर की स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को मंजूरी दे दी है। यह पीएम-सेतु योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने वाली पहली निवेश योजना है। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश उद्योग साझेदारी मॉडल को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अनुसार, नई दिल्ली स्थित कौशल भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में इस योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के महानिदेशक दिलीप कुमार, राष्ट्रीय संचालन समिति के सदस्य, क्षमता निर्माण आयोग, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में विभिन्न राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के अलावा उद्योग जगत की प्रमुख कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

# दिल्ली, मुंबई समेत कई शहरों में हमले की साजिश नाकाम, आठ संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े खुफिया अभियान में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), मुंबई अंडरवर्ल्ड और पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शाहजाद भट्टी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मॉड्यूल से जुड़े आठ आरोपितों को महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली और नेपाल कनेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी में बने चार हैंड ग्रेनेड, दो ग्लॉक पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस, चोरी की बाइक और स्कूटी के अलावा पाकिस्तान स्थित हैंडलरों से हुई बातचीत वाले मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क का मकसद दिल्ली, मुंबई, पंजाब, चंडीगढ़ में महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठानों, सुरक्षा संस्थानों और पुलिसकर्मियों पर ग्रेनेड हमला और फायरिंग करने की साजिश रच रहा था। आरोपितों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।



विशेष पुलिस आयुक्त अनिल शुक्ला ने बताया कि स्पेशल सेल को इनपुट मिला था कि पाकिस्तान और दुबई में बैठे शाहजाद भट्टी नेटवर्क तथा आईएसआई से जुड़े हैंडलर भारत में आतंकी और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद एसीपी विवेक कुमार त्यागी, इंस्पेक्टर सुनील रजैन और इंस्पेक्टर धीरज मेहलावत की टीम ने तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की मदद से नेटवर्क पर नजर रखनी शुरू की। जांच के दौरान सबसे पहले 14 मई 2026 को उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर निवासी विजय उर्फ शूटर (23) को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक विजय लगातार पाकिस्तान और दुबई में बैठे शाहजाद भट्टी नेटवर्क के सदस्यों के संपर्क में था। उसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में आतंकी एवं आपराधिक गतिविधियां संचालित करने का जिम्मा दिया गया।

**शिकंजा**

- चार हैंड ग्रेनेड, दो ग्लॉक पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस, हैंडलरों से हुई बातचीत वाले मोबाइल फोन बरामद किए गए

## फास्ट न्यूज

### एक से 30 जून तक देशभर में चलेगा खेत बचाओ अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में देशभर में एक जून से खेत बचाओं अभियान की शुरूआत हो रही है। इसको लेकर शनिवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उच्चस्तरीय बैठक कर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही। बैठक में चौहान ने सबसे महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में इस बात पर बल दिया कि रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मृदा परीक्षण आधारित, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि इनपुट के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव-उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के प्रदर्शन आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### देश के कई हिस्सों में आंधी-तूफान और भारी बारिश के आसार

**नई दिल्लीः** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूवार्नुमान के बाद शनिवार को जहां दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हुई, जिससे यहां के निवासियों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है वहीं देश के बड़े हिस्से में आंधी-तूफान और भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बदले मौसम के कारण मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण लू से राहत मिली है वहीं रविवार को देश के अन्य हिस्सों से भी लू का असर कमजोर पड़ने के आसार हैं। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून तेजी से आगे की ओर कदम बढ़ा रहा है। इस पूरे सप्ताह पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ इलाकों में मूसलाधार बारिश होने की संभावना है।

दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण गुजरात की सुरक्षा स्थिति में बड़ा बदलाव आया है: शाह

# घुसपैठ रोकने के लिए कई मोर्चो पर नाकेबंदी जरूरीः शाह

**वाग्देवी की पूजा**

- गुजरात के सीमावर्ती और तटीय जिलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक में कहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**भुज।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पर बाड़बंदी, समुद्री सुरक्षा और राज्य सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण गुजरात की सुरक्षा स्थिति में बड़ा बदलाव आया है तथा राज्य में घुसपैठ और सीमा पार तस्करी पूरी तरह बंद हो चुकी है। अमित शाह ने यह बात गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे गुजरात के सीमावर्ती और तटीय जिलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक में कहीं। बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा कच्छ, वाव-थराद और पाटन के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सीमा प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाने, चुनौतियों और उभरते खतरों पर विस्तार से चर्चा की गई। अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से शून्य से 15 किलोमीटर के दायरे में सभी अवैध अतिक्रमणों को शून्य सहनशीलता नीति के तहत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में कट्टरपंथी गतिविधियों और उनके केंद्रों पर भी कड़ी निगरानी रखने पर जोर दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने जिलाधिकारियों को ऐसे बदलावों की नियमित निगरानी और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहा रिवर्स माइग्रेशन स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने स्तर से लेकर पटवारी तक सभी को समन्वित रूप से कार्य करते हुए पहले से बसे अवैध घुसपैठियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही प्रत्येक सीमावर्ती जिले की विशेष चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करनी चाहिए।



### सुरक्षा समन्वय समूह गठित करने का दिया निर्देश

घुसपैठियों, ड्रोन और मादक पदार्थों से जुड़े खतरों की प्रभावी पहचान और रोकथाम हो सके। अमित शाह ने प्रत्येक जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), तटरक्षक बल, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और लीड बैंक मैनेजर को शामिल करते हुए सुरक्षा समन्वय समूह गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आयकर, धनशोधन निरोधक और सीमा शुल्क कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सीमा रेंज के महानिरीक्षक की होगी। गृहमंत्री ने सीमावर्ती जिलों में हवाला लेनदेन, संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों, म्यूल खातों, शेल कंपनियों, संदिग्ध वाहनों और जीएसटी संग्रहण पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आयकर विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से व्यापक सर्वेक्षण अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट होने के कारण तटीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इस दिशा में भारतीय तटरक्षक बल के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### सीमावर्ती गांवों में योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के निर्देश

उन्होंने 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम के साथ-साथ सीमावर्ती गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा (आईपीबी) से लगे क्षेत्रों एवं तटीय जिलों से जुड़े सुरक्षा संबंधी विषयों पर समीक्षा बैठक की है। इनमें उन्होंने कई अहम बातें कही हैं। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों में डीएम और एसपी की सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका पर बल दिया है। वे अपने क्षेत्र में घुसपैठिये-ड्रोन-नार्को की पहचान करना सुनिश्चित करेंगे। हर जिले में एक सुरक्षा समन्वय समूह बनाया जाए, जिसमें बीएसएफ, तटरक्षक, इनकम टैक्स, ईडी और लीड बैंक के मैनेजर को शामिल किया जाए। शाह ने कहा कि बॉर्डर फेंसिंग, समुद्री सीमा सुरक्षा और राज्य सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से गुजरात के सुरक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात।

### हरियाणा रोडवेज की बसों में दिव्यांगों के लिए मुफ्त यात्रा सुविधा लागू

**चंडीगढ़।** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को बड़ी राहत देते हरियाणा रोडवेज की बसों में 40 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक दिव्यांगजनों को मुफ्त यात्रा सुविधा लागू कर दी है। यह सुविधा पूरे हरियाणा के साथ-साथ दिल्ली और चंडीगढ़ क्षेत्र तक लागू होगी। परिवहन विभाग की ओर से मुफ्त बस यात्रा की अधिसूचना जारी कर दी गई है। परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू की ओर से हरियाणा राज्य परिवहन के महानिदेशक को निर्देश दिए गए हैं कि रोडवेज की बसों में दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क यात्रा सुविधा लागू की जाए। परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से शुक्रवार को जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद इसे लागू किया गया है। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर व्यवस्था को प्रभावी ढंग लागू करें।

## हरियाणा सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म, सरकार ने कई मांगे मानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के गांवों में अब चार सौ की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी नियुक्त होगा और सरकार की तरफ से डयूटी के दौरान मृत्यु होने की सूरत में आश्रितों को एक पक्की नौकरी तथा 50 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों की यह मांगें पूरी किए जाने के बाद राज्य में करीब एक माह से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शनिवार को खत्म हो गई। आज से सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। शुक्रवार को देररात पानीपत में हड़ताली कर्मचारियों के संगठन तथा प्रदेश सरकार के बीच बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनी। हरियाणा सरकार की तरफ से सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी तथा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार तथा मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव यशपाल, पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और विभाग के महानिदेशक सहित कई आला प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही से बच रही सरकारः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों के बाद केंद्र सरकार को घेरा। खेड़ा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उच्चतम न्यायालय को सरकार को यह बताना पड़ रहा है कि उसे वही करना चाहिए जो उसकी जिम्मेदारी है। खेड़ा ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि सरकार जवाबदेही से बच रही है और सरकार निगरानी करने की बात कहकर स्थिति को मजाक बना रही है। लाखों बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है और कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या शिक्षा मंत्री जवाबदेह हैं। अब जब कहा जा रहा है कि प्रश्नपत्र वायुसेना ले जाएगी तो अगर फिर लीक हुआ तो क्या रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जिम्मेदार होंगे।

## हरियाणाः एक दर्जन बोर्ड-निगमों में चेयरमैन व सदस्यों की नियुक्तियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में करीब एक दर्जन बोर्ड व निगमों में चेयरमैन तथा सदस्यों की नियुक्तियां कर दी हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान हरियाणा सरकार ने एक के बाद एक कई नियुक्तियों के आदेश जारी करके संगठन के नेताओं को सत्ता में भागीदार बना लिया है। इन नियुक्तियों में कई पुराने नेताओं को सरकार में एडजस्ट करके असंतोष को खत्म कर दिया गया है।



हरियाणा सरकार की तरफ से जारी आदेशों के अनुसार, रोहतास जांगड़ा को हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया है। फर्जी स्लिप घोटाले के कारण यह बोर्ड पिछले कई माह से सुर्खियों में है। कुछ समय के लिए बोर्ड की गतिविधियों को बंद भी किया गया था। अब हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा गिग वर्कर्स के पंजीकरण के आदेश जारी किए जाने के बाद इस बोर्ड की अहमियत बढ़ गई है।

**जिम्मेदारी**

- मुख्यमंत्री द्वारा गिग वर्कर्स के पंजीकरण के आदेश जारी किए जाने के बाद इस बोर्ड की अहमियत बढ़ गई है

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा के कुछ केंद्रों पर तकनीकी खामी से हुई देरीः एनटीए

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को बताया कि उसके परीक्षा साझेदार टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से तकनीकी खामी की सूचना मिलने के कारण 30 मई को कुछ परीक्षा केंद्रों पर कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2026 की परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी। एनटीए के अनुसार तकनीकी समस्या को अब दूर कर लिया गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी अभ्यर्थी को नुकसान न हो। केंद्रों पर परीक्षार्थियों को पूरा प्रतिपूरक समय दिया जाएगा। दोपहर सत्र में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगी।

*राज्य की 1189 ग्राम पंचायतों में हुए मतदान में कुल 80.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो पहले दो चरणों और पिछले पंचायत चुनाव की तुलना में अधिक रहा*

## हिमाचल पंचायत चुनावः तीसरे चरण में रिकॉर्ड 80 फीसदी से ज्यादा वोटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में शनिवार को मतदाताओं ने उत्साह का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। खराब मौसम, कई इलाकों में बारिश और तेज हवाओं के बावजूद मतदाता बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचे। राज्य की 1189 ग्राम पंचायतों में हुए मतदान में कुल 80.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो पहले दो चरणों और पिछले पंचायत चुनाव की तुलना में अधिक रहा। पहले चरण में लगभग 79 प्रतिशत और दूसरे चरण में करीब 80 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि पिछले पंचायत चुनाव में कुल मतदान करीब 78 प्रतिशत रहा था।



सुबह से ही प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहे और शिमला, सोलन, कुल्लू सहित कई जिलों में बारिश भी हुई, लेकिन इसका असर मतदान पर नहीं दिखा। सुबह नौ बजे तक लगभग 20 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था। इसके बाद मतदान केंद्रों पर भीड़ लगातार बढ़ती गई और सुबह 11 बजे तक मतदान 41 प्रतिशत तक पहुंच गया। उस समय भी सिरमौर जिला 49.28 प्रतिशत मतदान के साथ प्रदेश में सबसे आगे था। दिन चढ़ने के साथ मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता गया और अंततः तीसरे चरण ने रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया। चुनाव के साथ ही प्रदेश की सभी 3754 ग्राम पंचायतों में नई पंचायतों के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई। प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के परिणाम देर शाम से आने शुरू हुए, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के नतीजे रविवार को घोषित किए जाएंगे। इस चरण में महिलाओं ने मतदान के मामले में पुरुषों को पीछे छोड़ दिया। राज्य में महिला मतदान प्रतिशत 83.36 रहा, जबकि पुरुष मतदान 77.50 प्रतिशत दर्ज किया गया। प्रदेश के 12 में से 9 जिलों में महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक मतदान किया। किन्नौर, लाहौल-स्पीति और शिमला ऐसे जिले रहे जहां पुरुषों का मतदान महिलाओं से थोड़ा अधिक रहा।

**रिकॉर्ड कायम**

- तीसरे और अंतिम चरण में शनिवार को मतदाताओं ने उत्साह का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया

## भारत को तेल, महंगाई और मानसून के जोखिमों का करना पड़ रहा सामनाः मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुई बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है। लेकिन, सामान्य से कम मानसून और आर्थिक गतिविधियों में नरमी के अनुमान के साथ आने वाले महीनों में कुल उपभोग मांग पर असर पड़ सकता है। इस तरह कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य का दृष्टिकोण सतर्क रुख के साथ मजबूत बना हुआ है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई हे। आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) की ओर से जारी मई की 'मासिक आर्थिक समीक्षा' के अनुसार, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पैदा हुई बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है, लेकिन कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, महंगाई का दबाव और कमजोर मॉनसून का जोखिम आने वाले महीनों में आर्थिक विकास की गति को धीमा कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सामान्य से कम मानसून और आर्थिक गतिविधियों में नरमी के अनुमान के साथ आने वाले महीनों में कुल उपभोग मांग पर भी असर पड़ सकता है। हालांकि, वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू बुनियाद मोटे तौर पर मजबूत बनी हुई हैं। विनिर्माण और सेवा के क्षेत्र के पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) में वृद्धि जारी है। श्रम बाजार स्थिर है।



# राजस्थान में बढ़ा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का ग्राफः एक माह में 6,103 निवेश आवेदनों को मंजूरी

सीएम योगी ने जिलाधिकारियों समेत संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया, किसी भी स्तर पर चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही बरतने वाली संस्थाओं व ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, योगी सरकार शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ पानी पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही

**सख्त आदेश**

संबंधित विभागीय अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर खुदी हुई सड़कों व गड्ढों की स्थिति का पता करें





**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर। राजस्थान सरकार द्वारा निवेश को** प्रोत्साहन देने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। डी-रेग्यूलेशन फेज-1 के तहत प्रदेश में निवेश प्रक्रियाओं के सरलीकरण और समयबद्ध स्वीकृतियों से राजस्थान निवेशकों के लिए तेजी से पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। मुख्य सचिव कार्यालय के अधीन गठित डिरेगुलेशन सेल जारी अप्रैल की मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार राज निवेश पोर्टल पर प्राप्त 9 हजार 10 आवेदनों में से 6 हजार 103 आवेदनों को स्वीकृति दी गई। इस प्रकार प्रदेश की कुल स्वीकृति दर 67.7 प्रतिशत रही है। रिपोर्ट के अनुसार राजधानी जयपुर का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जहां सबसे अधिक 1 हजार 351 आवेदनों को मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेश संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने, आवेदनों के त्वरित निस्तारण और उद्योगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंवेस्टर फ्रेंडली एप्रोच और विकेंद्रीकृत क्रियान्वयन के कारण छोटे जिलों में भी निवेश प्रस्तावों के निस्तारण में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव कार्यालय के अंतर्गत गठित डिरेगुलेशन सेल द्वारा प्रत्येक माह निवेश प्रस्तावों की समीक्षा कर विस्तृत प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाती है, जिससे विभागीय जवाबदेही और कार्यक्षमता दोनों में सुधार हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में जयपुर जिले में सबसे अधिक 1 हजार 932 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1 हजार 351 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा जोधपुर, सीकर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, हनुमानगढ़, अलवर, चूरू और भीलवाड़ा जैसे औद्योगिक और शहरी जिलों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

## स्वीकृति दर के मामले में कोटा और हनुमानगढ़ ने विशेष उपलब्धि हासिल की

स्वीकृति दर के मामले में कोटा और हनुमानगढ़ ने विशेष उपलब्धि हासिल की। कोटा में 83.8 प्रतिशत और हनुमानगढ़ में 82.5 प्रतिशत आवेदनों को मंजूरी मिली। वहीं बारां, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, टोंक, उदयपुर और जालोर जिलों में भी 70 प्रतिशत से अधिक स्वीकृति दर रही। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि राजस्थान में पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ नए और उभरते सेक्टर्स में भी निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। अप्रैल माह में आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में विभिन्न जिलों से निवेश आवेदन प्राप्त हुए। सेक्टरवार विश्लेषण में पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। जयपुर, उदयपुर, पाली, राजसमंद और सीकर सहित कई जिलों में होटल, रिसॉर्ट और पर्यटन आधारित परियोजनाओं में निवेश रुचि देखने को मिली। इसके अलावा अलवर और कोटपूतली-बहरोड़ में इंजीनियरिंग सेक्टर, विभिन्न जिलों में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं, अजमेर और भीलवाड़ा में वेस्ट मैनेजमेंट तथा जोधपुर में टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश प्रस्तावों ने भी गति पकड़ी है। राज्य सरकार का मानना है कि डी-रेग्यूलेशन फेज-1 के माध्यम से उद्योगों और निवेशकों को बेहतर माहौल प्रदान कर राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी निवेश राज्य बनाया जा सकता है। प्रक्रियाओं की पारदर्शिता, ऑनलाइन स्वीकृति व्यवस्था और त्वरित निर्णय प्रणाली से उद्योग जगत का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। सरकार अब निवेश स्वीकृति की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं डिजिटल बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

## बीकानेर में 'नशा मुक्त भारत' अभियान को लेकर व्यापक तैयारियां जोर शोर पर

**सकारात्मक**

जन-जागरूकता के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली, खेल एवं फिटनेस से जोड़ना है

**बीकानेर।** युवाओं को नशे की बुराइयों से दूर रखने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं राजस्थान पुलिस एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत जन-जागरूकता अभियान का आयोजन 31 मई 2026 को शाम 6 बजे किया जाएगा। दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन निदेशक निशा लिंबा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत जूनागढ़ से चौपाटी तक पैदल जागरूकता मार्च निकाला जाएगा, पैदल मार्च की शुरूआत से पहले राष्ट्रीय गान होगा, जिसके पश्चात पैदल मार्च फिर चौपाटी पर फिटनेस गतिविधियों, जागरूकता संदेशों एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रवि मेघवाल एव विशिष्ट अतिथि में जिला प्रशासन और मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान पुलिस एएनटीएफ बीकानेर के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र दत्त, नशा मुक्ति अभियान से जुड़े डॉ. कन्हैया कच्छावा, एवं दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन के वरिष्ठ निदेशक उमाशंकर जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का संदेश देंगे।

इस अवसर पर युवाओं के लिए सोशल मीडिया आधारित नशा मुक्त भारत वीडियो जागरूकता प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, जिसमें प्राप्त श्रेष्ठ वीडियो प्रविष्टियों में से तीन विजेताओं का चयन कर सम्मानित किया जाएगा। दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन के निदेशक उमाशंकर ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति युवाओं और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इस अभियान का उद्देश्य जन-जागरूकता के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली, खेल एवं फिटनेस से जोड़ना है।

# चित्रकूट में नमामि गंगे का रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट अटका, अधूरा निर्माण

**अधर में...**

मंदाकिनी नदी के किनारे विभिन्न विकास कार्यों के लिए यह परियोजना मंजूर की गई थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सतना/चित्रकूट।** मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के संरक्षण और तटों के विकास के उद्देश्य से नमामि गंगे परियोजना के तहत स्वीकृत रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट निर्धारित समयसीमा के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। करीब 24.62 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी योजना का कार्य अब तक अधूरा है, जिससे परियोजना की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की नमामि गंगे योजना के तहत मंदाकिनी नदी के किनारे विभिन्न विकास कार्यों के लिए यह परियोजना मंजूर की गई थी। निर्माण कार्य का ठेका वर्ष 2023 में पीपीएस बिल्डर्स को दिया गया था। परियोजना को 31 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाना था, लेकिन तय समयसीमा समाप्त होने के पांच माह बाद भी कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे नहीं हो पाए हैं। परियोजना के तहत आरोग्यधाम, स्फटिक शिला और मोहकमगढ़ क्षेत्र में नदी तटों के विकास के लिए घाटों का निर्माण किया जाना है। इसमें आरोग्यधाम में 125 मीटर, स्फटिक शिला में 75 मीटर और मोहकमगढ़ में 102 मीटर लंबे घाट प्रस्तावित हैं।

# अभिषेक बनर्जी के आवास पर पहुंची सीआईडी टीम, घर पर नहीं मिले सासंद

**पूछताछ**

आईडी की चार सदस्यीय टीम हरीश मुखर्जी रोड स्थित अभिषेक के आवास शांतिनिकेतन पहुंची थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के दक्षिण कोलकाता स्थित आवास पर शनिवार को राज्य सीआईडी की एक टीम पहुंची। अधिकारियों के साथ एक वीडियोग्राफर भी मौजूद था। हालांकि, आवास पर मौजूद कर्मचारियों ने सीआईडी अधिकारियों को बताया कि अभिषेक घर पर नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, सीआईडी की चार सदस्यीय टीम हरीश मुखर्जी रोड स्थित अभिषेक के आवास शांतिनिकेतन पहुंची थी। कर्मचारियों ने अधिकारियों को बताया कि पिछले कुछ दिनों से अभिषेक आवास पर नहीं आए हैं और फिलहाल केवल कर्मचारी ही वहां मौजूद हैं। सीआईडी अधिकारियों ने कर्मचारियों से कुछ देर बातचीत की और आवश्यक जानकारी जुटाई। इस बीच, तृणमूल विधायक कुणाल घोष ने बताया कि अभिषेक उस समय उनके राममोहन राय रोड स्थित आवास पर मौजूद थे। कुणाल के अनुसार, अभिषेक बेलियाघाटा में कथित चुनावोत्तर हिंसा में मारे गए एक तृणमूल कार्यकर्ता के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने परिवार की समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

# मप्र में 'चाइल्ड हेल्पलाइन-1098' बनी बच्चों का सुरक्षा कवच, 30 हजार से अधिक को मिला नया जीवन

**पहल**

2 हजार 367 मामलों का पूरी तरह से निराकरण किया जा चुका है, जिला स्तर पर फॉलो-अप कार्रवाई तेजी से जारी है

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः म**ध्य प्रदेश में 'चाइल्ड हेल्पलाइन-1098' प्रदेश के संकटग्रस्त, शोषित और बेसहारा बच्चों के लिए एक बेहद सशक्त और अभेद्य सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन के माध्यम से 30 हजार 810 संकटग्रस्त बच्चों को सहायता पहुंची और उन्हें नया जीवन मिला। जनसंपर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने शनिवार को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लगभग ढाई साल के कार्यकाल में राज्य ने महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में संवेदनशीलता और गवर्नेंस के एक नये प्रतिमान स्थापित किये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'मिशन वात्सल्य' योजना में चाइल्ड हेल्पलाइन 24 घंटे कार्य कर रही है। यह हेल्पलाइन प्रदेश में हजारों बच्चों को हिंसा, बाल श्रम और मानव तस्करी के चंगुल से छुड़ाकर उनका पुनर्वास सुनिश्चित कर रही है।

सरकार के इस प्रभावी कदम से न केवल संकट के समय बच्चों को आपातकालीन मदद मिल रही है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस हेल्पलाइन की व्यापकता और रिस्पॉन्स टाइम में अभूतपूर्व सुधार आया है, जिसका अंदाजा विभागीय आंकड़ों से साफ लगाया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन से रिकॉर्ड 30 हजार 810 संकटग्रस्त बच्चों को सहायता पहुंचाई गई। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी हेल्पलाइन की टीम पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है, जहां महज 15 मई तक ही 4 हजार 376 बच्चों तक त्वरित मदद पहुंचाई जा चुकी है। अब तक 2 हजार 367 मामलों का पूरी तरह से निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष बचे मामलों में जिला स्तर पर फॉलो-अप कार्रवाई तेजी से जारी है।

# समाना नगर परिषद चुनावः ट्रांसजेंडर नेता कोमल महंत ने 505 वोटों से जीत दर्ज की

**टीम एक्शन इंडिया**

**समानाः शिरोमणि** अकाली दल की ट्रांसजेंडर नेता कोमल महंत ने समाना नगर परिषद के वार्ड नंबर 18 से 505 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव जीत लिया है। कोमल महंत ने इतने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई हैं। सोशल मीडिया पर अपनी मजबूत पहचान रखने वाली कोमल महंत ने डिजिटल लोकप्रियता को चुनावी सफलता में बदलते हुए यह जीत हासिल की। उनका चुनाव प्रचार सोशल मीडिया और जमीनी स्तर पर लोगों से सीधे संपर्क का अनूठा मिश्रण रहा, जिसने युवाओं और स्थानीय मतदाताओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। इंस्टाग्राम पर 64 हजार से अधिक फॉलोअर्स रखने वाली कोमल महंत और उनकी टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं के कल्याण, नशा विरोधी अभियान और वार्ड के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। हालांकि समर्थकों का कहना है कि घर-घर जाकर लोगों से संवाद करना उनकी जीत का सबसे बड़ा कारण रहा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही वार्ड नंबर 18 में जश्न का माहौल बन गया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान भावुक नजर आईं कोमल महंत ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# लख्खी भंडार योजना में फर्जीवाड़ाः युवक के सात खातों में जा रही थी अनुदान राशि

**कार्यप्रणाली**

योजना का लाभ पुरुष भी उठा रहे थे। इन मामलों के सामने आने के बाद तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**हुगलीः** पश्चिम बंगाल सरकार की महिलाओं के लिए संचालित लख्खी भंडार योजना में कथित धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज क्षेत्र में एक युवक के सात अलग-अलग खातों में इस योजना की मासिक अनुदान राशि पहुंचने का आरोप लगा है। मामले में शुक्रवार रात पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान तारिकुल रहमान के रूप में हुई है। वह मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज-2 ब्लॉक के जोतकामल ग्राम पंचायत अंतर्गत उस्मानपुर गांव का निवासी है। आरोप है कि उसने महिलाओं के नाम पर आवेदन पत्र भरकर उनमें अपना बैंक खाता नंबर दर्ज कराया और इस तरह लख्खी भंडार योजना की राशि प्राप्त करता रहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इससे पहले इसी मामले में गिरफ्तार किए गए मोस्ताफिजुर रहमान से पूछताछ के दौरान तारिकुल रहमान का नाम सामने आया था। जांच में पता चला कि उसके सात बैंक खातों में योजना की अनुदान राशि भेजी जा रही थी। इसके बाद शुक्रवार रात पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरफ्तारी के बाद आरोपित ने मीडिया के सामने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में मुर्शिदाबाद, पश्चिम मेदिनीपुर और रिशड़ा समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों से ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि महिलाओं के लिए शुरू की गई इस योजना का लाभ पुरुष भी उठा रहे थे।

# जालंधर के आरटीआई कार्यकर्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



**जांच जारी**

बाइक सवार दो युवकों ने उन पर नजदीक से ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालंधर/फगवाड़ाः** जालंधर के चर्चित आरटीआई कार्यकर्ता सिमरनजीत सिंह की शनिवार दोपहर फगवाड़ा के चहेड़ू गांव स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के लॉ गेट के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दो युवकों ने उन पर नजदीक से ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिमरनजीत सिंह पर करीब एक वर्ष पहले भी जालंधर के मॉडल टाउन स्थित एक जिम के बाहर हथियारबंद हमलावरों ने हमला किया था। हालांकि उस समय वह बच निकलने में सफल रहे थे। उस घटना के बाद जालंधर सिटी पुलिस ने उन्हें सुरक्षा के लिए दो गनमैन उपलब्ध कराए थे, लेकिन घटना के समय वह कथित तौर पर बिना सुरक्षा कर्मियों के मौजूद थे। सिमरनजीत सिंह पिछले एक दशक से अधिक समय से विभिन्न मामलों में सक्रिय थे। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, पंजाब पुलिस और प्रवर्तन निदेशालयके समक्ष कई शिकायतें और याचिकाएं दायर की थीं। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़े कुछ दस्तावेज भी ईडी को उपलब्ध कराए थे। संजीव अरोड़ा फिलहाल जेल में बंद हैं। आदर्श नगर निवासी सिमरनजीत सिंह का अपनी पहली पत्नी से तलाक हो चुका था और उन्होंने हाल ही में दूसरी शादी की थी। जालंधर रेंज के डीआईजी नवीन सिंगला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सतनामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जांच के दौरान घटनास्थल से एक .32 बोर की पिस्तौल बरामद की गई, जबकि घटनास्थल के नजदीक खड़ी एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से .12 बोर की राइफल भी बरामद हुई है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के नेतृत्व में पंजीयन व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव

# छत्तीसगढ़ का स्मार्ट पंजीयन मॉडल बना सुशासन की नई पहचान



**सुनील त्रिपाठी**
**सहायक संचालक**
**छत्तीसगढ़ जनसंपर्क**




**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः छत्ती**सगढ़ में सुशासन और नागरिक सुविधाओं को केंद्र में रखकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के नेतृत्व में पंजीयन विभाग में ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी सुधारों की शुरूआत की गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य पंजीयन प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी, तकनीक आधारित तथा नागरिकों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक बनाना है। कभी लंबी कतारों, घंटों इंतजार, दस्तावेजों के सत्यापन में देरी और बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने वाली पंजीयन प्रक्रिया अब पूरी तरह बदलती दिखाई दे रही है। पहले जहां एक साधारण रजिस्ट्री पूरी करने में 4 से 6 घंटे अथवा कई बार 1 से 2 दिन तक लग जाते थे, वहीं अब आधुनिक डिजिटल व्यवस्थाओं की मदद से यही प्रक्रिया केवल 15 से 20 मिनट में पूरी हो रही है। इससे नागरिकों के समय, धन और ऊर्जा तीनों की बड़ी बचत हो रही है। राज्य सरकार ने अगले एक वर्ष के भीतर प्रदेश के सभी 119 पंजीयन कार्यालयों को स्मार्ट एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पहले चरण में नवा रायपुर सीबीडी बिल्डिंग, बेबीलॉन टॉवर रायपुर, श्रीराम बिजनेस पार्क, सड्डू, कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़, दुर्ग, बिलासपुर, कुनकुरी, अभनपुर तथा तिल्दा सहित 10 प्रमुख कार्यालयों को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। इन नए स्मार्ट पंजीयन कार्यालयों में अब नागरिकों को वेटिंग लाउंज, वातानुकूलित सुविधा, स्वच्छ एवं व्यवस्थित परिसर, निःशुल्क वाई-फाई, मोबाइल चार्जिंग स्टेशन, शुद्ध पेयजल, आधुनिक शौचालय, हेल्प डेस्क तथा प्री-प्रेजेंटेशन काउंटर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे पंजीयन कार्यालय अब किसी आधुनिक सेवा केंद्र की तरह दिखाई देने लगे हैं। रायगढ़ के लाभार्थी श्री आशीष अग्रवाल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि, पहले यहां आने पर निराशा महसूस होती थी, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल गया है। बैठने की अच्छी व्यवस्था है, एसी लगा है, ठंडे पानी की सुविधा है और पूरा वातावरण बेहतर हो गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी का बहुत-बहुत धन्यवाद। डिजिटल तकनीक के उपयोग से पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी बढ़ी है। टोकन सिस्टम लागू होने से भीड़ और अव्यवस्था कम हुई है, वहीं बिचौलियों की भूमिका समाप्त होने से अतिरिक्त खर्च पर रोक लगी है। अब नागरिकों को व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, कैशलेस भुगतान, खसरा नंबर के माध्यम से संपत्ति की ऑनलाइन जानकारी तथा डिजीलॉकर जैसी सुविधाएं भी मिल रही हैं, जिससे दस्तावेज तुरंत और सुरक्षित रूप से उपलब्ध हो रहे हैं।

# दाड़ी और बीड़ बगेहड़ा पंचायतों की नई चुनी गई टीमों ने प्रो. प्रेम कुमार धूमल से लिया आशीर्वाद

**विश्वास**

» जनविश्वास को विकास के संकल्प में बदलने का आह्वान



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** पंचायती राज संस्थाओं के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद प्राप्त करने का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत दाड़ी तथा ग्राम पंचायत बीड़ बगेहड़ा के नव निर्वाचित प्रतिनिधिमंडलों ने समीरपुर स्थित आवास पर प्रो. धूमल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्राम पंचायत दाड़ी से नव निर्वाचित प्रधान कृष्ण चंद, उपप्रधान मनोज कुमार तथा पंचायत के नव निर्वाचित वार्ड सदस्य प्रो. धूमल से मिलने पहुंचे। वहीं ग्राम पंचायत बीड़ बगेहड़ा से नव निर्वाचित प्रधान अंजना ठाकुर, उपप्रधान तारा चंद राणा तथा वार्ड पंचों ने भी उनसे भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि गांवों के भविष्य की दिशा तय करने का लोकतांत्रिक अवसर होता है। जनता ने जिन प्रतिनिधियों पर विश्वास व्यक्त किया है, वह सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। अब समय चुनावी प्रतिस्पर्धा को पीछे छोड़कर पूरे गांव को साथ लेकर विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के नए मानदंड स्थापित करने का है।

उन्होंने कहा कि पंचायतों की सफलता का आकलन भवनों और योजनाओं से नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव से होगा। एक अच्छा जनप्रतिनिधि वही होता है जो लोगों की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी समझे और विकास को राजनीतिक सीमाओं से ऊपर रखकर कार्य करे। उन्होंने नव निर्वाचित टीमों से अपेक्षा जताई कि वे गांवों में सौहार्द, सहभागिता और सुशासन की ऐसी मिसाल प्रस्तुत करें जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने।

प्रो. धूमल ने सभी नव निर्वाचित प्रधानों, उपप्रधानों और वार्ड सदस्यों को उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपनी-अपनी पंचायतों को विकास और जनकल्याण की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## पिरथीपुर स्कूल की एसएमसी की कमान ज्योति को, अनीता देवी बनीं उपाध्यक्ष

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन सौहार्दपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से ज्योति को समिति का अध्यक्ष तथा अनीता देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति के अन्य सदस्यों के रूप में सीमा देवी, पूनम देवी, पूजा देवी, विमला देवी, सुनीता देवी, मंजना कुमारी, कंचन बाला, आशा देवी, पूजा शर्मा, हेमलता, मीना, प्रवीण कुमारी तथा मनु भाटिया का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया विद्यालय प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य निशा संदल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के समग्र विकास में एसएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# पंचायत चुनावों में जनता ने सुनाया सरकार के खिलाफ़ जनादेश : जयराम ठाकुर

**सवाल**

» ईडी द्वारा गिरफ्तार क्रैक एकेडमी संचालकों से क्या रिश्ता बताएं मुख्यमंत्री सुक्खू...?

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पंचायतीराज चुनाव के तीसरे और आखिरी चरण में शनिवार को मंडी जिला के अंतर्गत अपने सराज विधानसभा क्षेत्र की गृह पंचायत मुरहाग के मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया और इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए प्रदेश के सभी मतदाताओं से सुशासन, पारदर्शी प्रशासन और ग्रामीण विकास के लिए योग्य प्रतिनिधियों को चुनने का आग्रह किया। बाद उन्होंने सराज विधानसभा की ही ग्राम पंचायत तुंगाधार की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से घर में आत्मीय भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर जनता का आभार जताते हुए कांग्रेस की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोला और आरोप लगाया कि ये चुनाव पिछले साल दिसंबर में ही हो जाने चाहिए थे लेकिन कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर आपदा का बहाना बनाकर इन्हें छह महीने आगे खिसका दिया क्योंकि सरकार की शुरू से ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सामना करने की मंशा नहीं थी, जिसके खिलाफ भाजपा को हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी और अंततः



देश की शीर्ष अदालत के कड़े आदेशों के बाद ही राज्य चुनाव आयोग ने इन चुनावों की प्रक्रिया शुरू की, जिसके प्रत्युत्तर में सुक्खू सरकार ने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करते हुए कई तरह के षडयंत्र और प्रलोभन वाले हथकंडे अपनाए लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता ने सरकार के भारी दबाव और अनैतिक प्रलोभनों की परवाह किए बिना मतदान कर सरकार को जबरदस्त सबक सिखाया है और लगभग 75 प्रतिशत भाजपा विचारधारा के समर्थित प्रत्याशियों को अभूतपूर्व जीत दिलाकर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है।

# विधायक सतपाल सत्ती ने परिवार सहित किया मतदान



**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन के तीसरे व अंतिम दिन ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने भी जलग्रां टब्बा में परिवार सहित वोट डाली।

उन्होंने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों से भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। विधायक सत्ती ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लड़े और जीते जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायतों में चुने जाने वाले प्रतिनिधियों को भी राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलना चाहिए तथा गांवों के विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए।

उन्होंने चुनाव मैदान में उतरे सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि जनता योग्य, ईमानदार और विकास के प्रति समर्पित उम्मीदवारों का चयन करेगी।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन



**हामिद खान**

**चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल चंबा में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंडित जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल चंबा के प्राचार्य डॉ पंकज गुप्ता ने की, बैठक में पंडित जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल चंबा के प्राचार्य डॉ पंकज गुप्ता ने कहा की टीबी रोग से सम्बंधित जाँच और इलाज के बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए कहा और टीबी रोग से बचाव के लिए सभी विभागों को उच्च जोखिम वाले रोगियों को सीवाई टीबी जाँच करने के लिए कहा। डॉ पंकज गुप्ता ने कहा टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाले वर्ग रोगियों को छाती के एक्स-रे करवाने के लिए बल दिया।

डॉ पंकज गुप्ता ने कहा कि टीबी रोग से ग्रसित होने वाले रोगियों की मृत्यु की मृत्यु समीक्षा का कारण पता चल सके की मैं तो किस वजह से हुई। इस बैठक में डॉ कविता महाजन जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ प्रदीप सिंह एमएस, डॉ हरित पुरी जिला क्षय रोग अधिकारी, डॉ निकित कुमार विश्व स्वास्थ्य संगठन ,डॉ आदित्य कश्यप, डॉ मानिक सहगल, डॉ रितु रावत, डॉ अदिति चतुर्वेदी, डॉ श्रीधर राव, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ सुमीता, डॉ सुनील, डॉ कार्तिक, डॉ अभिलाष, डॉ विजय यादव, डॉ सोनम और राहुल, नितेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा पंचायत चुनाव में जीत के झूठे दावे कर रही, कांग्रेस को मिल रहा व्यापक समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने आज यहां कहा कि भाजपा स्थानीय निकायों एवं पंचायत चुनावों में जीत के झूठे दावे कर रही है, जबकि जमीनी स्तर से कांग्रेस पार्टी को मिले फीडबैक के अनुसार प्रदेशभर में इन चुनावों में बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विजयी हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मीडिया के जरिये अपनी जीत का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है, जोकि वास्तिकता से काफी दूर है।

उन्होंने दावा किया है कि पंचायत समितियों और जिला परिषद चुनावों के परिणामों में भी पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को अच्छा समर्थन मिलेगा क्योंकि मतदाताओं का रुझान कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रहा है। पर्यटन के मुद्दे पर नरेश चौहान ने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं से हिमाचल के पर्यटन क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ था, लेकिन अब प्रदेश में पर्यटकों की आमद फिर बढ़ने लगी है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, पालमपुर, डलहौजी और कसौली सहित कई पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की पर्यटन विकास संबंधी नीतियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिला को प्रदेश की पर्यटन राजधानी घोषित किया है तथा इस जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है तथा प्रदेश के विभिन्न भागों में हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एशियाई विकास बैंक के सहयोग से चलाई जा रही विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। इससे प्रदेश में हाई एंड टूरिस्ट आकर्षित होंगे तथा लोगों की आर्थिकी में आशातीत वृद्धि होगी।

### सूचना एवं जन संपर्क विभाग में निजी सहायक सदानन्द कपिल सेवानिवृत्त



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय में आज निजी सहायक सदानन्द कपिल की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। सदानन्द कपिल ने 18 जनवरी, 1989 को विभाग में आशुटंकक के पद पर सेवाएं शुरू कीं। लगभग 37 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने जिला लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय बिलासपुर, किन्नौर, कांगड़ा तथा निदेशालय में अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक उत्तम चंद कौंडल ने उनके स्वस्थ, खुशहाल और सुखद जीवन की कामना की और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव कर्तव्य-निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उन्हें सुखद, स्वस्थ एवं आनंदमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# आरएच ऊना में मनाया तंबाकू निषेध दिवस



**राजन पुरी**

**ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के सभागार में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि आज के दिन का मुख्य उदेश्य लोगों को तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले स्वास्थ्य सबंधी खतरों के बारे में जागरूक करना है। साथ ही इसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की और ध्यान आकर्षित करना है। इस अवसर पर कोटपा एक्ट 2003 के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि इस एक्ट के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करना, नाबालिक ब%चों को तंबाकू उत्पाद का विक्रय करना, शिक्षण संस्थान के 100 गज के अंदर तंबाकू युक्त उत्पाद को बेचना तथा इससे संबंधी विज्ञापन देना दंडनीय अपराध है। इस अवसर उपस्थित नंदा नर्सिंग संस्थान की नर्सिंग छात्राओं, अर्बन ऊना की आशा कार्यकर्ताओं तथा समस्त पर्तिभागियों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने व एक नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

# नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों को हाईजैक करने का प्रयास कर रही है कांग्रेस सरकार : बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों को हाईजैक करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार लगातार लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और स्थापित परंपराओं को कमजोर करने का कार्य कर रही है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि जिन पंचायती राज चुनावों का आयोजन अक्तूबर-नवंबर 2025 में होना चाहिए था, उन्हें जानबूझकर टालकर प्रदेश को संवैधानिक संकट की स्थिति में पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता माननीय सर्वोच्च न्यायालय की आभारी है, जिसके हस्तक्षेप और आदेशों के बाद आज ये चुनाव संपन्न हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि प्रदेश की जनता उसकी जनविरोधी नीतियों, झूठे वादों और विफल शासन से नाराज है और चुनावों में कांग्रेस के खिलाफ मतदान कर रही है। इसी कारण कांग्रेस पार्टी और सरकार अब सत्ता, धनबल और प्रशासनिक दबाव का उपयोग कर नगर परिषदों, बीडीसी और जिला परिषदों में पिछला दरवाजा अपनाकर कब्जा करने की कोशिश कर रही है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि 17 मई को नगर निकाय चुनाव सम्पन्न हुए, लेकिन चुने हुए पार्षदों की अधिसूचना समय पर जारी नहीं की गई। भाजपा को इस विषय पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा, जिसके बाद नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावों को लेकर वर्षों से चली आ रही प्रक्रिया में अचानक बदलाव कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने 27 मई 2026 को अधिसूचना जारी कर नगर निकाय चुनाव नियमों में संशोधन कर दिए, जिनके अनुसार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए बैठक बुलाने का अधिकार उपायुक्त को अपनी सुविधा अनुसार दे दिया गया। पहले निर्धारित समय-सीमा और प्रक्रिया के तहत चुनाव कराए जाते थे, लेकिन अब



सरकार ने ऐसी व्यवस्था बनाई है जिससे चुने हुए प्रतिनिधियों पर प्रभाव डालने और राजनीतिक दबाव बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने के बाद किसी भी नियम या कानून में बदलाव करना लोकतांत्रिक परंपराओं और निर्वाचन व्यवस्था की भावना के विपरीत है।

# चंबोआ में श्रीमद् भागवत कथा एवं शोभायात्रा का आयोजन आज से

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत डीहर के गांव चंबोआ में धार्मिक वातावरण के बीच संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 31 मई रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात सोमवार से कथा का शुभारंभ किया जाएगा। जिसका समापन 7 जून को होगा। कथा का समय प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से निर्धारित किया गया है। कथा वाचन का दायित्व प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शिव कुमार शास्त्री निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराया जाएगा तथा प्रतिदिन कथा उपरांत प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

# स्कॉलर्स यूनिफाइड में सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**राजन पुरी**

**ऊना।** स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना में सीबीएसई के तत्वावधान में क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा प्रणाली, दक्षता आधारित शिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा के सिद्धांतों से अवगत कराना था, ताकि वे बदलते शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल कांगड़ा की प्राचार्या एवं सीबीएसई मास्टर ट्रेनर आरती शर्मा तथा मॉडर्नवेज पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ की एसोसिएट प्रिंसिपल एवं सीबीएसई मास्टर ट्रेनर रंजना भारद्वाज ने भाग लिया। दोनों विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से परिचित कराया। आरती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।

## संतोषगढ़ स्कूल में देवी लाल बने एसएमसी कमेटी के प्रधान

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ़ में शनिवार को स्कूल प्रिंसिपल कविता कुमार की मौजूदगी में स्कूल प्रबंधक कमेटी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया एसएमसी कोऑर्डिनेटर अंकुश वशिष्ठ, संदीप कुमार व डीपी प्रवीण शर्मा की मौजूदगी में हुई। बैठक में मौजूद नरेश सिंघा ने कहा कि पिछली कमेटी नेता अ%छा काम किया है, जिस पर पूर्व प्रधान देवी लाल का नाम अंकित किया गया। इस पर सभी ने सर्वसम्मति से मोहर लगाकर देवी लाल को आगामी दो वर्षों के लिए स्कूल प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष चुना गया और उपाध्यक्ष विना देवी को चुना गया।

# शिमला ग्रीष्मोत्सव के अंतर्गत होगा पहली अंतर-विद्यालय वाद-विवेचन प्रतियोगिता श्यामला मंथन का आयोजन




**चमन शर्मा**

**शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के तहत जिला प्रशासन शिमला द्वारा पहली बार एक महत्वाकांक्षी साहित्यिक एवं बौद्धिक पहल श्यामला मंथन का आयोजन किया जा रहा है। यह अंतर-विद्यालय वाद-विवेचन (डेक्लामेशन) प्रतियोगिता विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति, तार्किक क्षमता, रचनात्मक सोच और सार्वजनिक वक्तृत्व कला का प्रदर्शन करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। प्रतियोगिता का आयोजन शिमला जिला के अध्ययनरत कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया जा रहा है।

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना भी है। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष पहली बार श्यामला मंथन जैसी अभिनव प्रतियोगिता शुरू की गई है, जो विद्यार्थियों को विचारों की अभिव्यक्ति, संवाद की संस्कृति और स्वस्थ बौद्धिक प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में युवा पीढ़ी का अधिकांश समय सोशल मीडिया और आभासी दुनिया में व्यतीत होता है। ऐसे समय में आवश्यक है कि विद्यार्थियों को ऐसे मंच उपलब्ध कराए जाएं, जहां वह अपने विचारों को सार्थक दिशा दे सकें, सामाजिक विषयों पर चिंतन कर सकें तथा अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकें।

श्यामला मंथन इसी सोच का परिणाम है, जो युवाओं को सकारात्मक संवाद, रचनात्मक अभिव्यक्ति और जिम्मेदार नागरिकता की ओर प्रेरित करेगा।

उपायुक्त ने कहा कि वाद-विवेचन की परंपरा भारतीय समाज की एक समृद्ध बौद्धिक विरासत रही है। विचारों के आदान-प्रदान और स्वस्थ बहस के माध्यम से ही समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन संभव होते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह पहल युवाओं को नशे, असामाजिक गतिविधियों और अन्य नकारात्मक प्रभावों से दूर रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।

उपायुक्त ने कहा कि इन विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल वक्तृत्व कला का प्रदर्शन करने का अवसर ही नहीं मिलेगा, बल्कि वह वर्तमान समय के महत्वपूर्ण मुद्दों पर शोध, अध्ययन और गहन चिंतन भी कर सकेंगे।

# कड़े सुरक्षा घेरे में गिने जाएंगे जिप सदस्य और बीडीसी के वोट

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा जिले में जिला परिषद (जिप) और बीडीसी (ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल) वार्डों की मतगणना को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। तीन लेयर की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतों की गिनती की जाएगी।

मतगणना केंद्रों में केवल पहचान पत्र धारक अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रत्याशियों के एजेंटों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। गौर तलब है कि जिला में कुल 126 पंचायत समिति वार्ड है जबकि जिला परिषद के 18 वार्ड हैं । बीडीसी कि अगर बात की जाए तो चंबा विकासखंड में 20 बीडीसी वार्ड भटियात में 23 मैहला में 19 तीसा में 17 सलूणी में 21 भरमौर में 15 तथा पांगी में 11 बीबीसी वार्ड हैं । जिला परिषद के लिए कुल 18 वार्डों (करियां, बख्तपुर, मोतला, समोट, बनेत, नैनीखड्डु, उदयपुर, सरोल, चकलु, करवाल, ब्याणा, सनूह आदि) में मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, हर विकास खंड में मतगणना प्रक्रिया को संपन्न कराने की जिम्मेदारी उपमंडलाधिकारी (एस डी एम) की रहेगी। जिला परिषद सदस्यों की मतगणना एसडीएम की देखरेख में और बीडीसी सदस्यों की मतगणना तहसीलदार की निगरानी में होगी।

चंबा ब्लॉक के लिए डिग्री कॉलेज चंबा के हॉल में 18 टेबल लगाए गए हैं, जहां करीब 200 कर्मचारी मतगणना करेंगे, जबकि तीसा ब्लॉक की मतगणना पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तीसा में 22 टेबल पर 88 अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा आठ से 10 कर्मचारी रिजर्व रखे गए हैं ।

मैहला ब्लॉक की मतगणना पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ विद्यालय मैहला में होगी यहां 150 अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहेंगे जबकी भटियात की गिनती डिग्री कॉलेज चुवाड़ी मे चार हॉल के भीतर होगी जहां साथ टेबल लगाए गए हैं यहां कुल 196 कर्मचारी अधिकारी तैनात रहेंगे इसी प्रकार सलूणी और पांगी के लिए आईटीआई सलूणी और पांगी में ब्लॉक मुख्यालय में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं।

# औहर पंचायत के प्रत्याशियों ने मतगणना में लगाया धांधली का आरोप, डीसी को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर**, अभी हाल में संपन्न हुए ग्राम पंचायत औहर के चुनावों के दौरान मतों के गणना के दौरान मतपेटियों में अदला बदली हुई है, जिससे चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठना लाजमी है। जिला प्रशासन इस गंभीर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत कार्यवाही करें। यह आरोप बीडीसी के लिए उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरे औहर पंचायत के वार्ड नंबर-5 से विजय कुमार चंदेल सेवानिवृत एक्स सर्विसमैन ने लगाए हैं। इस आश्य को लेकर उन्होंने एसडीएम घुमारवीं और शनिवार को जिला उपायुक्त को शिकायत पत्र दिया तथा न्याय की मांग की। वहीं प्रैस को जारी बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि मतगणना के दौरान जब वार्ड नंबर-5 भंजवाणी (1) की गणना शुरू की तो एआरओ ने एक पेटी जो बीडीसी, जिला परिषद की थी, जिसे घुमारवीं में भेजना थाख् उसे ग्राम पंचायत औहर में ही रख लिया था, जब पेटी को खोला तो उसमें बीडीसी, जिला परिषद की बैल्ट पेपर पाए गए। उन्होंने कहा कि आनन फानन में उस मत पेटी को बंद करके सील लगाकर घुमारवीं ले जाया गया, इसी के साथ एक घंटे के लिए मतगणना को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि घुमारवीं से वार्ड नंबर-5 की मत पेटी जब आई तो फिर से मतगणना शुरू हुई। बीडीसी प्रत्याशी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि वार्ड नंबर-5 की मतपेटी को लेकर उन्हें संशय है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि यह सारी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों में दर्ज होगी, इसलिए मामले की जांच करवाई जाए। इस प्रतिनिधिमंडल में ग्राम पंचायत औहर पूर्व प्रधान एवं प्रत्याशी प्रेमलता ठाकुर, बीडीसी प्रत्याशी विजय कुमार चंदेल, पूर्व उपप्रधान रणजीत सिंह, प्रोमिला देवी, ममता देवी आदि मौजूद थे।

## फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर ने नड्डा से मुलाकात कर पत्रकारों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज विजयपुर-सुंगाना स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर परिवार सहित अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नड्डा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति हर नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। इस दौरान उनके साथ विधायक त्रिलोक जमवाल, विधायक जी.आर. कटवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ,प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर, पुरुषोत्तम शर्मा, कमल गौतम पूर्व एमसी अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस लोकतंत्र पर्व के अवसर पर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसी दौरान फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर आदि।

# नवनिर्वाचित प्रधान अनोखी राम बदलेंगे नई पंचायत धाली की तस्वीर

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर**, वर्ष 2026 में अस्तित्व में आई मशोबरा ब्लॉक की नई ग्राम पंचायत धाली ने अपना कप्तान और टीम शिद्दत से चुन ली है। धाली को उजाले की कतार में खड़ा करने के लिए नवनिर्वाचित प्रधान अनोखी राम सुपुत्र बालक राम ने रोड़ मैप तैयार करना भी शुरू कर दिया है। इनका मानना है कि दशकों से विकास को तरसते इस क्षेत्र में नई उम्मीद का सूर्य उदय हुआ है। पांच वार्डों ढुंड, धाली, शिल्ली, आंजी और चलोग को जोड़कर बनाई गई इस पंचायत में हालांकि समस्याओं का अंबार है लेकिन सिलसिलेवार इन समस्याओं को दूर किया जाएगा। हैरानी की बात है कि इस पंचायत में अधिकांश संपर्क रास्ते कच्चे हैं जबकि सड़कें भी कच्ची हैं। इन कच्ची और असुरक्षित सड़कों पर वाहन चलाना किसी जोखिम से कम नहीं है। प्रधान ने बताया कि धाली पंचायत में पेयजल और सिंचाई की सुविधा को माकूल बनाने के लिए विशेष बल दिया जाएगा। कोई भी परिवार पानी की सुविधा से वंचित न रहे इसके लिए विशेष अभियान के तहत घर-घर तक दस्तक दी जाएगी। प्रत्येक गांव को जाने वाले रास्तों को पक्का करने के साथ शिल्ली से पजौली घाटी तक तथा शिल्ली से चलोग पजाल तक सड़क को चैड़ा करना व टायरिंग की जाएगी। चूंकि पंचायत नई है तो पंचायत भवन और आगतुंको के लिए विश्राम गृह का निर्माण स्कूल के आसपास किया जाएगा। राजकीय उच्च पाठशाला धाली में बच्चों की संख्या तथा कर्मठ स्टाफ और अच्छे परिणामों को देखते हुए स्कूल को बहुत शीघ्र जमा दो तक किए जाने के प्रयास किए जाएंगे ताकि बच्चों को घर द्वार गुणात्मक शिक्षा मिल सके। प्रधान अनोखी राम ने बताया कि यहां पर चिकित्सा एवं पशु चिकित्सालय की भारी कमी है जिससे यहां के किसान परेशान रहते हैं, लिहाजा इस पंचायत में पीएचसी और पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी को लाने के लिए सरकार के समक्ष बुलंदी से आवाज उठाई जाएगी। गौर हो कि इसी स्थान पर जन्में पले बढ़े नए प्रधान अनोखी राम की हर गांव हर परिवार तक पहुंच है

## सीएचसी मारकंड में मनाया गया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सदर ब्लॉक मारकंड के सौजन्य से विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस सीएच मारकंड में मनाया गया। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने सभी आशाओं को मासिक धर्म स्वच्छता पर जानकारी देते हुए बताया की मासिक धर्म एक प्राकृतिक शारीरिक प्रक्रिया है। यह एक व्यस्त महिला में हारमोंस के कारण होती है। मासिक धर्म का चक्र हर महीने होता है और यह सभी महिलाओं या किशोरियों में एक जैसा नहीं होता किसी का मासिक धर्म का चक्कर छोटा तथा किसी का लंबा होता है।

# उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षणए वरिष्ठ मतदाताओं से भी की बातचीत



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तृतीय एवं अंतिम चरण में आज 58 ग्राम पंचायतों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने नौणी, कल्लर और कंदरौर ग्राम पंचायतों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओंए सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा मतदान उपरांत होने वाली मतगणना के लिए किए गए प्रबंधों का भी जायजा लिया। उन्होंने बिजली आपूर्ति, बैटरी बैकअप, वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। इस बीच उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचे वरिष्ठ मतदाताओं से भी बातचीत कर उनके अनुभव जाने और मतदान प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल मौसम के बावजूद मतदाताओं में उत्साह देखने को मिलाए जो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति लोगों की आस्था को दर्शाता है।

## जुखाला महाविद्यालय में सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डा. ध्रुव पाल सिंह शिक्षा विभाग में 30 वर्ष की सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत हुए। महाविद्यालय प्रशासन ने डॉ. सिंह को विदाई पार्टी का आयोजन किया तथा स्मृति चिह्न भेंट किया। गौरतलब है कि डॉ. सिंह ने इस महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर 24 अगस्त 2023 को अपनी सेवाएं शुरू की थी। एचपीसीएमएए बेस्ट टीचर अवार्ड 2016 से इन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य के पद पर रहते हुए उन्होंने शिक्षा विभाग में अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां को निभाया। इस अवसर पर वरिष्ठ सह आचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में डा. ध्रुव पाल सिंह की शिक्षा विभाग में कुशल सेवा और सादगी, शिष्टाचार की प्रशंसा की

## विजयपुर में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने परिवार सहित किया मतदान



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने पैतृक क्षेत्र विजयपुर में परिवार सहित मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उन्होंने मतदान केंद्र विजयपुर. सुंगाना पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा लोगों से भी बढ़.चढ़कर मतदान करने की अपील की। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर मल्लिका नड्डा तथा बेटा हरीश नड्डा भी उपस्थित रहे। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नड्डा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने मतदाताओं से निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान उनके परिवार के सदस्यों ने भी मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। मतदान केंद्र पर स्थानीय लोगों में केंद्रीय मंत्री के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। कई मतदाताओं ने उनके साथ मुलाकात कर क्षेत्र के विकास संबंधी विषयों पर भी चर्चा की। गौरतलब है

## जिया संगम में वैज्ञानिक ड्रेजिंग कार्य का ऐतिहासिक शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू**, वैज्ञानिक नदी प्रबंधन तथा बाढ़ संबंधी जोखिमों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्वीकृत रूपरेखा के अंतर्गत पहली ड्रेजिंग निविदा को जिया संगम (साइट संख्या-3 डाउनस्ट्रीम) में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है। यहां 28 मई, 2026 से ड्रेजिंग कार्य औपचारिक रूप से आरम्भ हो गया है। उपायुक्त कुल्लू अनुराग चन्द्र शर्मा ने कहा कि यह न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस पहल का उद्देश्य केवल नदी तल से वैज्ञानिक तरीके से सामग्री निकालना ही नहीं, बल्कि नदी प्रशिक्षण, तलछट प्रबंधन, संवेदनशील आधारभूत संरचनाओं पर दबाव कम करना तथा व्यास नदी तंत्र के संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ जोखिम को कम करना भी है।

उन्होंने बताया कि आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त करने, वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के तहत अनुमति लेने, आवश्यक दस्तावेज तैयार करने, निविदा औपचारिकताओं तथा कार्यान्वयन की प्रक्रिया एचपी स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में पूरी की गई है। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू करने से पूर्व सभी आवश्यक वैधानिक अनुमतियां और स्वीकृतियां प्राप्त कर ली गई थीं तथा कार्य को स्वीकृत शर्तों और तकनीकी मानकों के अनुसार नियंत्रित एवं निगरानी में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिया संगम स्थल को हिमाचल प्रदेश में सतत ड्रेजिंग एवं नदी प्रबंधन के लिये विकसित की जा रही व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत एक पायलट परियोजना के रूप में चिन्हित किया गया है। पायलट परियोजना के तहत भुंतर एयरपोर्ट, लंका बेकर और जिया संगम सहित तीन स्थानों पर कुल 9 साइटों का चयन किया गया है। वर्ष 2026 के मानसून से पूर्व इन स्थानों से लगभग 1.25 लाख मीट्रिक टन नदी तल सामग्री निकाले जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम साइट के सफल संचालन से वैज्ञानिक निष्कर्षण तथा दीर्घकालिक नीति सुधारों के लिये महत्वपूर्ण फील्ड-स्तरीय अनुभव प्राप्त होने की उम्मीद है। उपायुक्त ने कहा कि इस पहल से दीर्घकाल में अनेक लाभ प्राप्त होंगे, जिनमें— नदी तल में जमा सामग्री और उससे जुड़े बाढ़ जोखिम में कमी, सड़कों और पुलों सहित सार्वजनिक आधारभूत संरचनाओं की सुरक्षा, नदी तल सामग्री का वैज्ञानिक एवं विनियमित उपयोग, अवैध एवं अनियंत्रित खनन गतिविधियों में कमी, सरकार के राजस्व में वृद्धि, तथा जिला स्तरीय जलागम प्रबंधन समितियों के माध्यम से जलवायु वित्त सृजन एवं उपयोग शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि जिया संगम साइट (साइट संख्या-3) से लगभग 8,333 मीट्रिक टन सामग्री 1.46 हेक्टेयर क्षेत्र से निकाले जाने का प्रस्ताव है।उपायुक्त ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये एचपी स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, वन विभाग, खनन विभाग, राजस्व विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

# मॉडल मतदान केंद्र रंधाड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं की अनूठी पहल

टीम एक्शन इंडिया



**मंडी**। पंचायत चुनाव के दौरान विकास खंड मंडी सदर के मॉडल मतदान केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंधाड़ा में मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस पहल के तहत मतदान के लिए पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध करवाई गईं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर रूपिंदर कौर ने बताया कि मॉडल मतदान केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 162 लोगों की गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त 202 लोगों के एक्स-रे किए गए, जिनमें से 12 मामलों में एक्स-रे रिपोर्ट असामान्य पाई गई। ऐसे लोगों को आगे आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और जांच करवाने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने का उद्देश्य लोगों को मतदान के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक बनाना है। इस पहल को मतदाताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया । मतदाताओं ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि मतदान केंद्र पर ही स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलने से उन्हें अपनी सेहत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं ने इस पहल को उपयोगी बताया। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश देने वाली यह पहल पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। मॉडल मतदान केंद्र रंधाड़ा ने मतदान प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक, जनहितैषी और जागरूकता से परिपूर्ण बनाने की दिशा में एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

# पॉक्सो मामले में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास, कुल्लू अदालत का बड़ा फैसला

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू**। कुल्लू की माननीय सत्र न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक मामले में दोषी को कड़ा दंड सुनाया है। अदालत ने जिला कुल्लू के आरोपी ठाकुर दास पुत्र डोला राम को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(3) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

घटनाक्रम के अनुसार, पीड़िता के पिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी कि 11 अक्टूबर 2022 को जब पीड़ित बच्ची के माता-पिता खेतों में गए हुए थे, तब आरोपी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर स्थानीय दुकान से बीड़ी और खैनी लाने को कहा। जब बच्ची सामान लेकर आई, तो आरोपी ने उसे अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया। माता-पिता को पीड़ित बच्ची ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद 12 अक्टूबर 2022 को पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सैंज, जिला कुल्लू में प्राथमिकी संख्या 66/2022 दर्ज की गई थी।

इस मामले पर सैंज पुलिस ने गहनता से जांच की, तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आरोपी और पीड़ित बच्ची के आवश्यक वैज्ञानिक नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे थे। प्रयोगशाला से प्राप्त डीएनए रिपोर्ट ने इस वारदात की पूरी तरह से पुष्टि की, जिससे अभियोजन पक्ष का मामला मजबूत हो गया।

जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने माननीय अदालत के समक्ष चार्जशीट पेश की। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने दोष सिद्ध करने के लिए अदालत में कुल 15 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। मजबूत वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए यह ऐतिहासिक सजा सुनाई है।

## योग विज्ञान केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और जागरूक बनाने की एक वैज्ञानिक पद्धति : डॉ दास लाल

टीम एक्शन इंडिया



**मंडी**। योग सिद्ध आश्रम पुरानी मंडी में 28 से 30 मई तक योगाचार्य ब्रह्मचारी डॉ. दासलाल जी महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया।

समापन सत्र में योगाचार्य ने बौद्धिक प्रदान करते हुए कहा कि योग विज्ञान केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और जागरूक बनाने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। यह शरीर, मन और आत्मा के मध्य सामंजस्य स्थापित कर व्यक्ति को शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है, वहीं अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचाव में भी सहायता मिलती है। प्राचीन भारतीय ऋषियों द्वारा प्रदत्त यह अमूल्य ज्ञान आज सम्पूर्ण विश्व में स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के आधार रूप में स्वीकार किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को परमात्मा का साक्षात्कार करके आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने के लिए तत्पर रहना चाहिए। शरीर की यात्रा पूरी होने से आत्मा की यात्रा खत्म नहीं होती। शरीर क्षर और आत्मा अक्षर है। ईश्वर में विलय होकर ही आत्मा मोक्ष पद को प्राप्त करती है। आध्यात्मिक दृष्टि से जीवन की सार्थकता इसी में है

## रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत आसपास के क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**
सहायक अभियंता विद्युत उप मण्डल.।। ई. रविन्द्र चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई को रौड़ा अनुभाग में बिजली की लाइनों की आवश्यक मरम्मत व पेड़ों की कांट.छांट के चलते कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र रौड़ा सैक्टर नंबर-2 तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

टीम एक्शन इंडिया
संगराय




**जोगिंद्रनगर**। दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर में शनिवार को कला अध्यापिका मधु लता,एन.टी. टी अध्यापिका अनु ठाकुर सहित नॉन टीचिंग स्टाफ से विजय कुमार,भीम सेन, धर्म सिंह, मान सिंह,राम सिंह और दलीप सिंह सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जमवाल ओर प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने उन्हें स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह और प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने अपना संबोधन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और कहा कि उनकी अविस्मरणीय सेवाओं के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाल जीवन और सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की कामना करते हुए ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति से कृष्ण शर्मा, ओमानंद शर्मा, अनीता नारंग व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तीसरे चरण के तहत कुल 69.60 प्रतिशत हुआ मतदान

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू**। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के अंतर्गत दिनांक 30 मई 2026 को विकास खण्ड लाहौल के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों के विभिन्न वार्डों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा पुरुष एवं महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण के तहत कुल 69.60 प्रतिशत मतदान हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 4036 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 2032 पुरुष एवं 2004 महिला मतदाता शामिल हैं। दोपहर 3 बजे तक कुल 2809 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें लगभग 1446 पुरुष एवं 1373 महिला मतदाता शामिल रहे।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मडग्रां में 76.20, शकोली में 74, किशोरी में 70.81, जहालमां में 62.82, शांशा में 69, मालंग में 58, तांदी में 62, खंगसर में 74, बरबोग में 73, शूलिंग में 65.23 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

# धरैड़ा गांव के दंगल में दिल्ली के पहलवान सोनू ने जीती बड़ी माली

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर**, बागी बिनोला में समिति द्वारा गांव धरैड़ा में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर चेत राम वर्मा जिला प्रधान पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर ने शिरकित की। मुख्य अतिथि द्वारा दंगल में विजेता पहवालों को बड़ी माली में विजेता पहलवान सोनू दिल्ली को गुर्ज व 7100 रुपये की राशि व उप विजेता शिवम बरठीं को 5100 रुपये नगद दिए। जबकि छोटी माली पहलवान अजय कुमार गांव कुट्टी को गुर्ज व 5100 रुपये नगद व उप विजेता को 4100 रुपए दिए गए। स्थानीय और बाहर से आये पहलवानों ने कुश्ती दंगल में भारी संख्या में भाग लिया गया। दंगल का आंनद लेने के लिए दूर दूर से लोग आये तथा कुछ दुकानदारों ने मिठाई की दुकाने भी लगाई थी। दंगल समिति द्वारा नवनिर्वाचित प्रधान रिंकू चैधरी और उप प्रधान शेर सिंह को पगड़ी पहनाकर व बैज लगाकर सम्मानित किया। यह जानकारी दंगल समिति के प्रधान विकास वर्मा ने मीडिया से सांझी की

# क्रैक अकादमी और रियल एस्टेट घोटाले का क्या है संबंध, सरकार दे जवाब : सुधीर शर्मा

**सवाल**

34 करोड़ की छात्रवृत्ति योजना का सच सामने आए, ईडी जांच के बाद उठे गंभीर सवाल

टीम एक्शन इंडिया
**धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार और क्रैक अकादमी से जुड़े मामलों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस संस्था को कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के हजारों युवाओं के भविष्य से जोड़ते हुए बड़े स्तर पर प्रचारित किया था, आज उसी संस्था से जुड़े लोगों के नाम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई और जांच के दायरे में आने से अनेक प्रश्न खड़े हो गए हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने




स्वयं नवंबर 2024 में क्रैक अकादमी के साथ बैठक कर 6800 विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए लगभग 34 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति योजना का प्रचार किया था।
उस समय इसे विश्व का सबसे बड़ा सरकारी सहायता प्राप्त छात्रवृत्ति कार्यक्रम बताया गया और प्रदेशभर में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। उन्होंने कहा कि अब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रियल एस्टेट समूह से जुड़े दो प्रमोटरों की ईडी द्वारा गिरफ्तारी की गई है और मनी लॉन्ड्रिंग तथा वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामलों की जांच चल रही है। ऐसे में सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जिन संस्थाओं और व्यक्तियों के साथ वह सार्वजनिक मंचों पर साझेदारी और योजनाओं की घोषणा कर रही थी, उनके चयन और सत्यापन की प्रक्रिया क्या थी।
सुधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा किसी जांच को प्रभावित नहीं करना चाहती और कानून अपना काम करेगा, लेकिन जब प्रदेश सरकार स्वयं किसी निजी संस्था को सरकारी कार्यक्रमों का चेहरा बनाकर प्रचारित करती है तो उसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। प्रदेश के हजारों छात्र और उनके अभिभावक जानना चाहते हैं कि इस योजना की वर्तमान स्थिति क्या है, कितने विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला और सरकार ने किन मानकों के आधार पर इस संस्था का चयन किया।

## नाहन में ईएनटी रोगों के लिए श्री साईं अस्पताल में हर रविवार सेवाएं उपलब्ध रहेंगी : डॉ. अनुप कुमार राय

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ
**नाहन।** जिला सिरमौर के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। नाहन स्थित श्री साईं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर में अब कान, नाक और गला (ईएनटी) रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध होंगी। अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी दी है कि प्रतिष्ठित ईएनटी विशेषज्ञ एवं हेड–नेक सर्जन डॉ. अनुप कुमार राय अब प्रत्येक रविवार को अस्पताल में मरीजों को परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान करेंगे।डॉ. अनुप कुमार राय ने एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी तथा पीजीआई से एमएनएएमएस जैसी उच्च चिकित्सा योग्यताएं प्राप्त की हैं। उन्हें कान, नाक और गले से संबंधित जटिल रोगों के उपचार तथा हेड एवं नेक सर्जरी के क्षेत्र में विशेष अनुभव प्राप्त है। अस्पताल में प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) संचालित रहेगा, जहां मरीज कान से कम सुनाई देना, बार-बार संक्रमण, नाक की एलर्जी, साइनस, टॉन्सिल, खर्राटे, सांस संबंधी समस्याएं तथा गले के विभिन्न रोगों के लिए विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।विशेष बात यह है कि अस्पताल में पीटीए ऑडियोमेट्री की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से सुनने की क्षमता की सटीक जांच की जा सकेगी। इससे श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को अपने ही जिले में आधुनिक जांच सुविधा का लाभ मिलेगा। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उनका यह प्रयास जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इससे सिरमौर सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बड़े शहरों का रुख करने की आवश्यकता कम होगी और समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा।अधिक जानकारी एवं अपॉइंटमेंट के लिए मरीज अस्पताल के हेल्पलाइन नंबर 7018103200 और 9816423200 पर संपर्क कर सकते

# पंजाब में 'आप' की प्रचंड जीत देवभूमि हिमाचल के लिए भी बड़ा राजनीतिक संकेत

टीम एक्शन इंडिया
**धर्मशाला।** पंजाब के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने देश और विशेषकर उत्तर भारत की राजनीति को एक बहुत बड़ा और स्पष्ट संदेश दे दिया है। इन परिणामों ने साबित कर दिया है कि जनता अब खोखले वादों और नकारात्मकता से ऊब चुकी है और उसे सिर्फ और सिर्फ 'काम की राजनीति' चाहिए। आम आदमी पार्टी, हिमाचल प्रदेश के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार के विकास-आधारित सुशासन पर जनता ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मतदाताओं ने पारंपरिक दलों के अहंकार को पूरी तरह तोड़ दिया है। कांग्रेस आज भी अपनी अंदरूनी कलह, गुटबाजी और नेतृत्व संकट की शिकार है। शिरोमणि अकाली दल अपने इतिहास के सबसे बड़े



राजनीतिक अविश्वास के दौर से गुजर रहा है, और भाजपा जमीन तलाशने की छटपटाहट में लगातार पिछड़ती जा रही है। भंडारी ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि केवल संगठनात्मक चेहरे बदलने से पंजाब की जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। भाजपा की यह रणनीतिक बैचेनी उनके राजनीतिक डर को साफ दर्शाती है। पंजाब के लगभग 64 प्रतिशत मतदाताओं ने यह साफ कर दिया है कि उन्हें बहाने बनाने वाली नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली सरकार पसंद है।कल्याण भंडारी ने इस चुनावी जीत के भौगोलिक और राजनीतिक विस्तार को रेखांकित करते हुए कहा कि पंजाब की इस आंधी का असर सिर्फ सतलुज के मैदानों तक सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसकी गूंज पड़ोसी पहाड़ी राज्य हिमाचल में भी साफ सुनाई देगी। हिमाचल प्रदेश और पंजाब का रोटी-बेटी और संस्कृति का गहरा नाता है। पंजाब में 'आप' की इस ऐतिहासिक सफलता से हिमाचल प्रदेश की जनता में एक नया विश्वास जगा है कि पारंपरिक दलों के कुशासन का विकल्प तैयार है। हिमाचल की जनता लंबे समय से कांग्रेस और भाजपा के 'बारी-बारी से लूटने' वाले खेल से त्रस्त है। पंजाब में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, पारदर्शी प्रशासन और ईमानदारी के मॉडल को देखकर अब देवभूमि के युवा और आम नागरिक भी इसी बदलाव के लिए लालायित हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष
**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन द्वारा आज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार ने की।
डॉ. अमित रंजन तलवार ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण है। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों तथा इसके प्रारंभिक लक्षणों के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।
उन्होंने युवाओं से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है।
कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
इस अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।
इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

## करसोग के विकास खंड चुराग में अंतिम चरण में 84.26 प्रतिशत मतदान हुआ

टीम एक्शन इंडिया
**मंडी।** पंचायती राज चुनाव-2026 के अंतिम चरण में करसोग के विकास खंड चुराग में पंचायती राज संस्थाओं के लिए 84.26 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि विकास खंड चुराग में तीसरे व अंतिम चरण में 9 ग्राम पंचायतों बगशाड़, बही सरही बलिंडी, कांडी सपनोट, कनेरी महोग, मैहरन, मशोग, शेन्दल, थली में वोट डाले गए।
उन्होंने बताया कि इन ग्राम पंचायतों में कुल 10140 मतदाताओं में से कुल 8544 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 4268 रही जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 4276 दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

# ज़िला सोलन में पंचायती राज संस्थाओं के अंतिम चरण के निर्वाचन में 83.85 प्रतिशत हुआ मतदान

टीम एक्शन इंडिया
**सोलन।** पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन-2026 के अंतर्गत जिला सोलन में आज अंतिम चरण के निर्वाचन में कुल 83.85 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।
मनमोहन शर्मा ने कहा कि आज सोलन जिला की कुल 82 ग्राम पंचायतों में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इन ग्राम पंचायतों में कुल 107652 मतदाताओं में से 90272 मतदाताओं ने आज मतदान किया। कुल 54837 पुरुष मतदाताओं में से 45587 तथा कुल 52815 महिला मतदाताओं में से 44685 ने मतदान किया। सोलन जिला में कुल मत प्रतिशत 83.85 दर्ज किया गया। इनमें पुरुष मतदाताओं का मत प्रतिशत 83.13 तथा महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत 84.77 रहा।
उन्होंने कहा कि विकास खण्ड सोलन की 13 ग्राम पंचायतों में कुल 15173 मतदाताओं में से 12810 ने मतदान किया। कुल 7618 पुरुष मतदाताओं में से 6507 तथा कुल 7555 महिला मतदाताओं में से 6303 ने मतदान किया। विकास खण्ड सोलन में कुल मत प्रतिशत 84.43 दर्ज किया गया। इनमें पुरुष मतदाताओं का मत प्रतिशत 85.41 तथा महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत 83.47 रहा। विकास खण्ड कण्डाघाट की 08 ग्राम पंचायतों में कुल 7373 मतदाताओं में से 6219 ने मतदान किया। कुल 3809 पुरुष मतदाताओं में से 3199 तथा कुल 3564 महिला मतदाताओं में से 3020 ने मतदान किया। विकास खण्ड कण्डाघाट में कुल मत प्रतिशत 84.35 दर्ज किया गया। इनमें पुरुष मतदाताओं का मत प्रतिशत 83.99 तथा महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत 84.74 रहा।
विकास खण्ड धर्मपुर की 08 ग्राम पंचायतों में कुल 10749 मतदाताओं में से 9017 ने मतदान किया। कुल 5488 पुरुष मतदाताओं में से 4601 तथा कुल 5261 महिला मतदाताओं में से 4416 ने मतदान किया। विकास खण्ड धर्मपुर में कुल मत प्रतिशत 83.89 दर्ज किया गया। इनमें पुरुष मतदाताओं का मत प्रतिशत 83.83 तथा महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत 83.93 रहा। विकास खण्ड कुनिहार की 19 ग्राम पंचायतों में कुल 24114 मतदाताओं में से 18944 ने मतदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### घुमारवीं में दस दिवसीय एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर
**बिलासपुर,** हिमाचल प्रदेश नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शिवा इंटरनेशनल स्कूल, घुमारवीं में हुआ। शिविर का संचालन कैम्प कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के 20 विद्यालयों के कुल 519 जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैडेट्स के साथ विभिन्न विद्यालयों के एएनओ एवं पीआई स्टाफ भी पूरे शिविर के दौरान उपस्थित रहेंगे तथा प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन एवं मार्गदर्शन करेंगे। शिविर के दौरान कैडेट्स को सैन्य अनुशासन, ड्रिल, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास, टीम भावना, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा राष्ट्र सेवा से संबंधित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कैडेट्स की प्रतिभा को निखारने हेतु ड्रिल प्रतियोगिता, विवज प्रतियोगिता, बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता, वॉलीबॉल, रस्साकशी, भाषण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह शिविर 30 मई से 8 जून 2026 तक चलेगा तथा सफल प्रतिभागियों को एनसीसी की आगामी परीक्षाओं एवं गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा। शिविर के प्रथम दिन कैडेट्स के पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रारंभिक प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## रोनहाट हेलीपैड के पास पुलिस को कार से 60 बोतल शराब व 96 बोतल बीयर बरामद

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ
**नाहन।** शिलाई क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद की है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 28 मई 2026 को थाना शिलाई प्रभारी ने अपनी पुलिस टीम के साथ रोनहाट हेलीपैड के समीप सड़क किनारे खड़ी एक स्विफ्ट कार (नंबर HP34C-5900) की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से अवैध रूप से ले जाई जा रही शराब और बीयर बरामद की गई। पुलिस ने कार में सवार राकेश निवासी गांव



रिणाई, डाकघर लोजा मानल, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर के कब्जे से 5 पेटी देशी शराब मार्का 'नाटी नं. 1' की कुल 60 बोतलें बरामद कीं। इसके अलावा 4 पेटी MEAKINS 10,000 बीयर की 48 बोतलें तथा 4 पेटी TUBORG Premium Beer की 48 बोतलें भी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शिलाई में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(a) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

## 08 साल के छात्र आर्यन की स्कॉर्पियो की टक्कर से मौत

एसपी जैरथ
नाहन। शहर के ऐतिहासिक पक्का टैंक के किनारे लखदाता पीर नजदीक बने पार्क के सामने दर्दनाक हादसे में एक 8 साल के छात्र की स्कॉर्पियो की टक्कर से मौत हो गई। पक्का टैंक एरिया में सड़क के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाले जा रहे पुलिस जांच में जुटी है । मिली जानकारी अनुसार हादसे का शिकार हुआ छात्र आर्यन पार्क से खेल कर गेट से बाहर निकल कर जा रहा था इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने आर्यन को टक्कर मार दी। तत्काल गंभीर रूप से घायल आर्यन को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। लेकिन हालत नाजुक होने के कारण पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया था।

# चार मतगणना केंद्रों पर होगी जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों के मतों की गणना

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर
**बिलासपुर,** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के तहत जिला परिषद तथा पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के मतों की गणना निर्धारित चार मतगणना केन्द्रों में रविवार 31 मई को की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के 14 वार्डों तथा पंचायत समिति के 97 वार्डों की



मतगणना के लिए जिला में चार मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें सदर विकास खंड की मतगणना किसान भवन बिलासपुर में, घुमारवीं विकास खंड की मतगणना राजकीय महाविद्यालय कल्लरी में, झंडूता विकास खंड की मतगणना राजकीय महाविद्यालय झंडूता में तथा श्री नैना देवी जी विकास खंड की मतगणना स्वारघाट स्थित नए बीडीओ कार्यालय भवन शामिल है।
उपायुक्त ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी मतगणना केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष से चारों मतगणना केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी ताकि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

### नाहन में कॉकरोच जनता पार्टी की एंट्री, मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों का खींचा ध्यान



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ
**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के ऐतिहासिक दिल्ली गेट के समीप 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बैनर तले स्थानीय युवाओं द्वारा एक छबील का आयोजन किया गया। अपने अनोखे और मजेदार नाम की वजह से यह आयोजन राहगीरों और बाजार आने-जाने वाले लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच आयोजित इस छबील ने लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई। युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ सड़क से गुजरने वाले हर व्यक्ति को रोककर ठंडा मीठा पानी पिलाया। गर्म मौसम में इस सेवा भाव को लोगों ने खूब सराहा और राहगीरों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। आयोजन के दौरान युवाओं ने सामाजिक संदेश देते हुए बताया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' किसी राजनीतिक दल का नाम नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर शुरू किया गया एक व्यंग्यात्मक और रचनात्मक अभियान है। इसका उद्देश्य हास्य और मीम्स के माध्यम से युवाओं की सोच और समाज से जुड़े मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में सामने लाना है। स्थानीय लोगों ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस तरह के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

## 38 सालों की सेवा के बाद आरटीओ राजेश कौशल हुए सेवानिवृत

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर
**बिलासपुर,** हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग में लगभग 38 वर्षों तक समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाएं देने के उपरांत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार कौशल 30 मई को सेवानिवृत हो गए हैं। नवंबर 1988 में परिवहन विभाग में अपनी सेवाएं आरंभ करने वाले राजेश कुमार कौशल ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। अपने सेवाकाल में उन्होंने परिवहन संबंधी सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।



उनकी कार्यनिष्ठा, सरल व्यवहार और कर्तव्यपरायणता के कारण वह विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आमजन के बीच विशेष पहचान रखते हैं। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उनके दीर्घ सफल एवं प्रेरणादायी सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की है। राजेश कुमार कौशल की सेवाएं परिवहन विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी।

# अंतिम चरण में सिरमौर के लोगों ने उत्साह दिखाया और वृद्ध व युवा वोट डालने पहुंचे

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ
**नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायती राज चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के मतदान में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाया। जिले में कुल 48.35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 49.87 प्रतिशत जबकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत 46.67 प्रतिशत रहा। उपमंडलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो कमरऊ विकास खंड में सबसे अधिक 54.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद शिलाई में 51.71 प्रतिशत, पांवटा साहिब में 49.36 प्रतिशत, राजगढ़ में 48.58 प्रतिशत तथा संगड़ाह में 47.81 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं ददाहू में 45.70 प्रतिशत, पच्छाद में 45.59 प्रतिशत और नाहन विकास खंड में 43.39 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण के मतदान के दौरान बुजुर्गों, दिव्यांगों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने भी लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। नागल गांव की 85 वर्षीय जय देवी, जामनीवाला पंचायत की 85 वर्षीय



निर्मल कौर, 77 वर्षीय अमृत कौर तथा देवनी पंचायत के खदरी गांव की सुखदेवी ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और युवा पीढ़ी को मतदान का संदेश दिया। वहीं सेनवाला पंचायत के मोहम्मद इकराम ने अपनी जिंदगी का पहला वोट डालते हुए लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। इसी पंचायत के 62 वर्षीय शारीरिक रूप से अक्षम रामगोपाल ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपना वोट डाला और यह साबित किया कि लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी किसी भी शारीरिक सीमा से बड़ी होती है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर दुर्गम पहाड़ी इलाकों तक मतदाताओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है। बुजुर्गों के जज्बे, युवाओं के उत्साह और दिव्यांग मतदाताओं की दृढ़ इच्छाशक्ति ने तीसरे चरण के मतदान को यादगार बना दिया।

## हेल्दी फार्मिंग, हेल्दी नेशन द रोड अहेड इन इंडिया का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**शिमला।** चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय था हेल्दी फार्मिंग, हेल्दी नेशन द रोड अहेड इन इंडिया,इस आयोजन में निश ग्रुप के चेयरमैन हरिशरण देवगन ने कहा कि रासायनिक खेती से मिट्टी मर रही है,अब हमारा जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर लौटना ही एकमात्र रास्ता है उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे खुद को किसान कहने में शर्म महसूस न करें और एआई का उपयोग कर खेती को आत्मनिर्भर बनाएं।उनकी कंपनी निश एग्रीकल्चर एंड फार्माफार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (कैंसर, मिर्गी और अल्जाइमर जैसी बीमारियों के लिए सस्ती दवाएं विकसित कर रही है। इस मौके पर सैकड़ों पीएचडी छात्रों का चयन भी किया गया।देश के मशहूर एग्रीप्रेन्योर और निश ग्रुप के चेयरमैन हरिशरण देवगन ने एग्रीकल्चर के छात्रों के सामने जीवन बदलने वाले वाले सवालों के जवाब दिए । देवगन ने कहा की खेती सिर्फ पेशा नहीं है, यह प्रकृति और समाज के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।उन्होंने नेचुरल फार्मिंग के फायदे भी गिनाए, बताया कि यह न केवल मिट्टी के लिए वरदान है, बल्कि इससे उत्पादन लागत भी घटती है और किसानों की आय बढ़ती है। सेमिनार के आयोजन की शुरुआत में विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने कहा, 'हरिशरण देवगन जैसे उद्यमियों का आना विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। वे केवल व्याख्यान देने नहीं, बल्कि अपने हाथों से छात्रों का चयन करने आए हैं।
यह उद्योग और शिक्षा के बीच सबसे मजबूत सेतु है..इस सेमिनार में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शबानंद दलेई और आदर्श सिंह भी मौजूद रहे , इसके साथ ही डॉक्टर देशराज चौधरी ने सभी मेहमानों का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन द्वारा आज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार ने की।
डॉ. अमित रंजन तलवार ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण है। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों तथा इसके प्रारंभिक लक्षणों के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।
उन्होंने युवाओं से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया।

## एनडीपीएस मामले में जिला न्यायालय ने दस साल की कठोर सज़ा और एक लाख जुर्माना लगाया

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ
**नाहन।** जिला एवं सत्र न्यायालय नाहन ने मादक पदार्थ तस्करी के एक महत्वपूर्ण मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला न्यायवादी कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश जसवाल की अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने मोहल्ला जोगीबन बड़ा चौक, नाहन निवासी अजय परमार पुत्र इंदर विक्रम सिंह परमार को दोषी ठहराया।! मामले के अनुसार 12 दिसंबर 2019 को एसआईयू नाहन की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी स्कूटी में भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल लेकर कालाअंब की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सेनवाला कटयाट मंदिर के समीप नाकाबंदी कर स्कूटी को रोका। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से एक काले रंग का पिट्ठू बैग बरामद हुआ। बैग की जांच करने पर उसमें रखे डिब्बों से कुल 1440 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। आरोपी पुलिस को इन कैप्सूलों से संबंधित कोई वैध लाइसेंस अथवा अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद अदालत में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 15 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई?

# डेमोग्राफी चेंज के खतरे पर मोदी सरकार का कड़ा प्रहार



संजय सक्सेना

> कुछ राजनीतिक दलों ने इसे कानून और सुरक्षा का मामला बताते हुए सख्ती की मांग की, जबकि मानवाधिकार समूह और सामाजिक कार्यकर्ता मानवीय दृष्टिकोण, दस्तावेजों की सुलभता और रोजगार सृजन पर जोर दे रहे हैं।
>
> केंद्र सरकार ने 26 मई 2026 को देश में घुसपैठ और अन्य कारणों से हो रहे अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव की जांच के लिए समिति का गठन किया है। मोदी सरकार के इस कदम की कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और एआईएमआईएम के नेताओं ने तीखी आलोचना की है

भारत के कई राज्यों और जिलों में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की बनावट (डेमोग्राफी चेंज) में जो असामान्य बदलाव आए हैं, उस पर लगाम लगाने के लिये मोदी सरकार ने कड़े कदम उठाना शुरू कर दिया हैं। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। गौरतलब हो, घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाला अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होती है। यह बात स्वयं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कई बार कह चुके हैं। इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए 26 मई 2026 को केन्द्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से हो रहे अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति साल भर में अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौंप देगी, जिसके बाद मोदी सरकार कई कड़े कदम उठा सकती है। वैसे यह मसला अचानक नहीं उठा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश के सामने जो दृष्टि रखी थी, इस समिति का गठन उसी की कड़ी है। इस घोषणा को 11 सितंबर 2025 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल गई थी। अब नौ महीने बाद इस समिति ने आधिकारिक रूप से काम करना शुरू कर दिया है। इस उच्च-स्तरीय समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर को सौंपी गई है। न्यायमूर्ति नावलेकर की छवि एक निष्पक्ष और अनुभवी विधिवेत्ता की रही है, इसलिए उनके नेतृत्व में इस संवेदनशील विषय की जांच को विश्वसनीयता मिलेगी। समिति में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त पुलिस सेवा के अधिकारी) और जानी-मानी अर्थशास्त्री डॉ. शमिका रवि को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जनगणना आयुक्त भी इस समिति के सदस्य होंगे तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (विदेशी-1 प्रकोष्ठ) इस समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। इस प्रकार यह समिति न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस और आर्थिक के चारों क्षेत्रों के विशेषज्ञों का एक संतुलित समूह है।



यह समिति अवैध प्रवासन और दूसरे अस्वाभाविक कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का व्यापक मूल्यांकन करेगी। यह पता लगाया जाएगा कि किन जिलों और किन क्षेत्रों में जनसंख्या की धार्मिक अथवा भाषाई संरचना में असामान्य रूप से बदलाव आया है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर जनसंख्या में होने वाले असामान्य बदलावों के स्वरूप की समीक्षा करेगी और इसके लिए एक सुनियोजित तथा समय सीमा वाला समाधान भी प्रस्तुत करेगी। समिति यह भी खंगालेगी कि अवैध रूप से देश में घुसकर बस जाने वाले लोग कौन हैं, वे किस मार्ग से आते हैं और किस प्रकार उन्हें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड जैसे सरकारी पहचान के दस्तावेज मिल जाते हैं। यह एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पहलू है क्योंकि दस्तावेज मिल जाने के बाद ये लोग व्यवस्था के भीतर इस प्रकार घुलमिल जाते हैं कि उन्हें बाहर करना कठिन हो जाता है। समिति को एक वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी। आवश्यकता पड़ने पर यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। समिति राज्य सरकारों, सीमा सुरक्षा बल, खुफिया एजेंसियों तथा जनगणना के आंकड़ों से तथ्य एकत्र करेगी। विभिन्न जिलों का दौरा कर वहां के स्थानीय प्रशासन और लोगों से सीधी बातचीत भी इसके कार्य का हिस्सा होगी। रिपोर्ट में न केवल समस्या का विश्लेषण होगा, बल्कि उससे निपटने के ठोस उपाय भी सुझाए जाएंगे जिन्हें सरकार नीति के रूप में लागू कर सके। इस समिति के गठन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि पहली बार इस विषय को एक व्यवस्थित और संस्थागत ढांचे में रखकर देखा जाएगा। अब तक यह मसला केवल राजनीतिक बहसों तक सीमित रहता था, किंतु अब एक न्यायिक और प्रशासनिक जांच के जरिए इसके तथ्यात्मक आधार तैयार होंगे। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र, उत्तराखंड और झारखंड के कुछ जिलों में जनसंख्या की बनावट में जो बदलाव देखे गए हैं, उनका वैज्ञानिक और तथ्यात्मक अध्ययन पहली बार इतने बड़े स्तर पर होगा। पश्चिम बंगाल में अवैध बांग्लादेशियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी के बाद सीमा क्षेत्रों में हड़कंप की स्थिति है, जो यह दशार्ती है कि यह समस्या कितनी गहरी और व्यापक है। इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर सरकार उन राज्यों और जिलों को चिह्नित कर सकेगी जहां तत्काल कार्रवाई आवश्यक है। घुसपैठियों को सरकारी दस्तावेज मिलने की प्रक्रिया में जो खामियां हैं, उन्हें बंद करने के लिए नए नियम बनाए जा सकेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह आवश्यक है कि देश को पता हो कि उसकी सीमाओं के भीतर कौन रह रहा है और किस उद्देश्य से। सरकार के इस कदम पर राजनीतिक प्रतिक्रिया मिली जुली रही। कुछ राजनीतिक दलों ने इसे कानून और सुरक्षा का मामला बताते हुए सख्ती की मांग की, जबकि मानवाधिकार समूह और सामाजिक कार्यकर्ता मानवीय दृष्टिकोण, दस्तावेजों की सुलभता और रोजगार सृजन पर जोर दे रहे हैं।

केंद्र सरकार ने 26 मई 2026 को देश में घुसपैठ और अन्य कारणों से हो रहे अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव की जांच के लिए समिति का गठन किया है। मोदी सरकार के इस कदम की कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और एआईएमआईएम के नेताओं ने तीखी आलोचना की है। उनका आरोप है कि यह समिति मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने के लिए बनाई गई है और इसका उपयोग बड़े पैमाने पर मताधिकार छीनने या हिरासत का आधार तैयार करने के लिए किया जाएगा। विपक्षी नेताओं ने असम के एनआरसी अनुभव का हवाला देते हुए इसे एक चुनावी हथियार करार दिया। इन नेताओं का कहना है कि यह समिति ऐसे समय गठित हुई है जब पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में घुसपैठ का मुद्दा राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रहा था और भाजपा ने इसी मुद्दे पर तृणमूल सरकार को हराकर पूर्ण बहुमत हासिल किया। कानूनी विशेषज्ञों ने भी इस समिति के व्यापक जनादेश पर सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार जनसांख्यिकीय बदलाव जैसी शब्दावली भारतीय कानून में परिभाषित नहीं है, जिससे इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। सत्ता पक्ष इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यता बता रहा है तो विपक्ष इसे आगामी चुनावों से जोड़कर देख रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या के जड़ में अक्सर रोजगार, भूमि-अधिकार और शिक्षा की कमी होती है, जिन्हें दूर किए बिना केवल प्रवासन नियंत्रण से स्थाई समाधान नहीं निकलेगा। केंद्र ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे त्वरित वेरिफिकेशन अभियान चलाएँ, स्थानीय प्रशासन को संसाधन उपलब्ध कराएं और सांस्कृतिक संस्थाओं की रक्षा के उपाय अपनाएँ। अधिकारियों का कहना है कि समाधान में पारदर्शिता, न्याय और समावेशन पर बल होगा ताकि सामाजिक रंजिश और हिंसा की आशंका को रोका जा सके। संक्षेप में कहें तो यह समिति उस बड़े प्रश्न का उत्तर खोजने की कोशिश है जो वर्षों से अनुत्तरित रहा है कि आखिर कौन, कहां से, कैसे और किसकी मिलीभगत से देश की जनसंख्या की बनावट को बदल रहा है। इसका उत्तर जब सामने आएगा, तभी इस समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

## संपादकीय

# नया न्यायिक सवेरा

भारतीय न्याय व्यवस्था में कुछ फैसले केवल कानूनी आदेश नहीं होते, बल्कि बदलाव की नई दिशा तय करते हैं। 29 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देश ऐसा ही एक ऐतिहासिक हस्तक्षेप है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी हाईकोर्टों को स्पष्ट किया कि सुनवाई पूरी होने के बाद सुरक्षित (रिजर्व) रखा गया कोई भी फैसला सामान्यतः तीन महीने से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत जारी यह निर्देश महज प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि न्याय की मूल भावना को सशक्त करने का प्रयास है। वर्षों से न्यायालयों में गूंज रही ह्लतारीख पर तारीखह्व की संस्कृति पर इसे एक निर्णायक और दूरगामी प्रहार माना जा रहा है। न्याय की सबसे बड़ी कसौटी केवल निर्णय नहीं, बल्कि उसका समय पर मिलना है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह न्यायिक प्रक्रिया की उस गंभीर खामी पर प्रहार करता है, जिससे लाखों मुकदमेबाज वर्षों से प्रभावित होते रहे हैं। अनेक मामलों में बहस पूरी होने के बाद फैसले सुरक्षित रख लिए जाते थे, लेकिन उन्हें महीनों या वर्षों तक सुनाया नहीं जाता था। परिणामस्वरूप पक्षकार कानूनी अनिश्चितता में जीने को विवश हो जाते थे और उनका रोजगार, व्यवसाय तथा भविष्य अदालत के निर्णय की प्रतीक्षा में अटक जाता था। इसी वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि न्यायिक फैसलों का अनिश्चितकाल तक लंबित रहना स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि न्याय का अर्थ केवल सुनवाई नहीं, समय पर निर्णय भी है। इस आदेश की शक्ति उसके संवैधानिक आधार में निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 21 केवल जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का ही नहीं, बल्कि समय पर न्याय की अपेक्षा का भी संरक्षक है। जब किसी व्यक्ति का सम्मान, रोजगार, भविष्य या स्वतंत्रता किसी फैसले पर निर्भर हो, तब निर्णय में अनावश्यक देरी उसके मौलिक अधिकारों को प्रभावित करती है। इसलिए न्यायालय ने समयबद्ध न्याय को महज प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व माना है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत का यह कथन कि उन्होंने अपने लगभग पंद्रह वर्षों के हाईकोर्ट कार्यकाल में कभी किसी रिजर्व फैसले को तीन महीने से अधिक लंबित नहीं रखा, पूरी न्यायपालिका के लिए एक प्रेरक मानक प्रस्तुत करता है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता के प्रश्न पर सुप्रीम कोर्ट ने सबसे स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है। अदालत ने निर्देश दिया कि जमानत याचिकाओं पर आदेश आदर्श रूप से उसी दिन, अथवा अधिकतम अगले दिन जारी हो तथा इसकी सूचना तत्काल जेल प्रशासन तक पहुंचे। यह उन हजारों विचाराधीन कैदियों के लिए बड़ी राहत है, जो दोषसिद्धि के बिना लंबे समय से कारावास में हैं। न्यायालय का स्पष्ट मत है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रक्रियागत देरी की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। जमानत मंजूर होने के बाद उसका त्वरित लाभ मिलना ही वास्तविक न्याय है। इससे न केवल जेलों का बोझ घटेगा, बल्कि न्यायपालिका में जनविश्वास भी और मजबूत होगा। इस ऐतिहासिक निर्देश की सबसे बड़ी ताकत उसका जवाबदेह निगरानी तंत्र है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल समय-सीमा तय नहीं की, बल्कि उसके पालन की ठोस व्यवस्था भी सुनिश्चित की है।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# एक्चुअल सोशल बनें,वर्चुअल नहीं

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**अपने** आस-पास देखिए,जरा गौर से देखिए वर्तमान दौर की प्रगति,उन्नति और विकास का वो अदृश्य जाल,जो हमसे हमारी न केवल ज़िंदगी छीन रहा है,बल्कि संवेदनाएं लील रहा है,संस्कारहीन बना रहा है,रिश्ते खत्म कर रहा है और न जाने कितनी ही लाइलाज बीमारियों को गिफ्ट में दे रहा है और हम ले रहे हैं?आज के डिजिटल युग में अगर हम अपने आस-पास देखें,तो एक मंजर हर जगह कॉमन है—चाहे घर हो,बस हो,पार्क हो,हॉस्पिटल हो या कोई महफि ल,यहाँ तक कि यदि किसी शोक सभा में भी गए हैं तब भी एक दो बार तो उंगलियाँ स्क्रीन को टच कर ही लेती हैं।हर इंसान की नजरें अपने मोबाइल की स्क्रीन पर टिकी हैं।इसमें कोई संदेह नहीं कि तकनीक हमारी सहूलियत के लिए आई है,लेकिन हमने उसे अपने लिए घातक लत बना लिया है जिसने बच्चे,बूढ़े,औरत और जवान... हर वर्ग को अपनी गिरफ्त में ले लिया है।?यह सिर्फ एक आदत नहीं,बल्कि एक ाानसिक,सामाजिक,मनोवैज्ञानिक,सार्वभौमिक बीमारी का रूप ले चुकी है।?यह छोटी सी डिवाइस जो हमारे हाथों में अक्सर रहती है या जेब में पड़ी होती है,वही हमारे जीवन के हर पहलू को दीमक की तरह चाट रही है।गजब है कि इसके बिना इंसान का पलभर जीना मुश्किल हो रहा है।दिन की बात तो छोड़िए साहब,देर रात तक रील्स स्क्रॉल करना या चैटिंग करना आज की कड़वी सच्चाई है।जबकि मोबाइल से निकलने वाली ब्लू लाइट हमारे शरीर में नींद लाने वाला हार्मोन को बनने से रोकती है।नतीजा?अनिद्रा,चिड़चिड़ापन और सुबह उठने पर भारीपन।मोबाइल का निरंतरता में प्रयोग से अब हमें छोटी-छोटी बातें याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती,सब कुछ गूगल या नोट्स में सेव है।लगातार नोटिफिकेशन और स्क्रीन बदलने से इंसानी दिमाग की एकाग्रता बहुत कम हो गई है।लोग चीजें रखकर भूलने लगे हैं और किसी काम पर फोकस नहीं कर पा रहे हैं।हैरत है कि एक ही सोफे पर बैठे चार लोग आपस में बात करने के बजाय अलग-अलग मोबाइल में व्यस्त रहते हैं।दो मित्र साथ हैं लेकिन दोनों मोबाइल में व्यस्त है।यानी सामने बैठे व्यक्ति को छोड़कर फोन में लगे रहना।इससे परिवार बिखर रहे हैं और रिश्तों की गर्माहट खत्म हो रही है।सोशल मीडिया पर लगातार हिंसा,हादसे या रील्स देखने के कारण इंसान का दिमाग लगातार संवेदनहीन हो रहा है।आज सड़क पर किसी का एक्सीडेंट होने पर लोग उसकी मदद करने के बजाय वीडियो बनाने में लग जाते हैं।हम इंसानी दर्द के प्रति सुन्न होते जा रहे हैं।?इन तमाम हालातों को देखते/समझते हुए डिजिटल युग में डिजिटल जाल से बाहर निकलना चाहिए लेकिन ऐसा लगता है कि शायद यह नामुमकिन है,पर ऐसा नहीं है,बस थोड़े से आत्म-नियंत्रण और सही आदतों की जरूरत है। जैसे कि घर में कुछ नियम बनाएं कि डाइनिंग टेबल पर कोई फोन नहीं रहेगा और बेडरूम में सोने से कम से कम एक घंटा पहले फोन को खुद से दूर रख दें।

## विचार

# अमूल्य जीवन से ज्यादा महत्व शरीर गलाते मौत के शौक को

**हमें** अपने आसपास आसानी से प्राप्त होने वाला जहर है तंबाकू, हम सभी इसके बारे में, इससे होनेवाली जानलेवा बीमारियां और खतरों के बारे में अच्छे से जागरूक हैं। टीवी, अखबार और सोशल मीडिया पर तंबाकू के प्रति जागरूकता विज्ञापन देखते रहते हैं। साधारणतः अनपढ़ से लेकर उच्च शिक्षित तक, हर वर्ग, हर उम्र के लोग इसके नुकसान के बारे में जानते है, परंतु गंभीरता नहीं दिखाते, यही सबसे बड़ी समस्या है हमारे समाज कीं। हमारे आखों के सामने छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी तंबाकू का सेवन करते नजर आते है, चौराहों पर संभ्रात घर की लड़कियां, नामी स्कूल की छात्र-छात्राएं भी सिगरेट फूंकते नजर आते है, गांवों-कस्बों में भी तंबाकू उपयोगकताओं की संख्या बहुत ज्यादा हैं। तंबाकू, सिगरेट के पैकेट पर घातक चेतावनी लिखी होती है, पढ़ना और चेतावनी के जानलेवा बीमारी के चित्र को समझना सबको मालूम है, पर गंभीरता ही नहीं। इस साल 2026 विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम आकर्षण का पर्दाफाश – निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला यह हैं। नशे के लिए लोगों ने मिथ्य तो ऐसे पाल रखे है कि, नशे के लिए ही इनका जीवन बना हो। कोई कहता है कि तंबाकू से उनका पाचन सुधरता है, कोई कहता है कि तंबाकू के सेवन से नींद अच्छी आती है, कोई कहता है कि तंबाकू खाने से काम में मन लगा रहता है ऐसा बोल-बोल कर तंबाकू खाने लग जाते है फिर इसे लत में तब्दील कर लेते है, धीरे-धीरे तंबाकू शरीर को खोखला करना शुरू कर देता है, फिर अवयवों को गलाता है और महंगे लाइलाज बीमारी के चौखट पर खड़ा कर देता हैं। हम पूरी दौलत खर्च करके भी मौत को जीवन में नहीं बदल सकते, फिर इस अनमोल जीवन को अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए क्यों घातक बीमारियों के हवाले करते हो? किशोरवयीन बच्चे, युवा पीढ़ी तो आधुनिकता का दम भरने, दिखावे के चक्कर में और अभिभावकों के नियंत्रण के अभाव में तंबाकू, सिगरेट, हुक्का फुंकने लगते हैं। इस आधुनिकता के भ्रमजाल में युवाओं के लत में बढ़ोतरी के लिए नवनवीन हुक्का पार्लर का साम्राज्य शहरों में खूब फलफूल रहा हैं। तंबाकू का सेवन विविध पद्धति से किया जाता है जैसे :- बीड़ी, सिगरेट, हाथ से बनी सिगरेट, पाइप, सिगार, हुक्का, वॉटर-पाइप, चुट्टा, धुमती और चिलम शामिल हैं। इसके अलावा तंबाकू वाला पान, खैनी, गुटखा और तंबाकू मिश्रित पानमसाला। मिश्री, गुल, बज्जर, गुड़ाखू आदि जैसे तंबाकू उत्पादों को दांतों और मसूड़ों पर लगाया जाता है और नसवार को सूंघा जाता हैं। हमारे भारत देश में हर दिन लगभग 3,500 मौतें तंबाकू इस्तेमाल की वजह से होती हैं। भारत में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के 26.7 करोड़ तंबाकू उपयोगकर्ता हैं। 2011 में 35 से 69 साल के लोगों के लिए तंबाकू इस्तेमाल का आर्थिक खर्च 1,04,500 करोड़ रुपये था। जब कोई व्यक्ति खुद धूम्रपान नहीं करता, परंतु किसी अन्य द्वारा किए जा रहे धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आता है एवं उस धुएं को सांस के जरिये ऑक्सीजन के साथ शरीर में लेता है तब वह व्यक्ति सेकेंड हैंड धूम्रपान वाला व्यक्ति होता हैं। हम अक्सर अपने घरों या आसपास किसी को धूम्रपान करते हुए देखते है, जिसका धुंआ पुरे घर में फैल जाता है और घर के अन्य सदस्य भी उस धूम्रपान के धुएं के शिकार बन जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, तंबाकू उन आधे से ज्यादा तंबाकू उपभोक्ताओं की जान ले लेता है जो इसे छोड़ते नहीं हैं। तंबाकू से हर साल 7 मिलियन से ज्यादा लोगों की मौत होती है; इसमें लगभग 1.6 मिलियन लोग जान गवांते है, जो सेकंड-हैंड धूम्रपान के संपर्क में आते हैं। साथ ही तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण लोग विकलांग हो जाते हैं और लंबे समय तक दर्दभरी तकलीफ झेलते हैं। तंबाकू से हर साल 1.35 मिलियन से अधिक की असमय मौत जिसमे धूम्रपान और सेकेंड हैंड स्मोक से लगभग 1.2 मिलियन भारतीयों की मौत भी शामिल हैं। स्मोकलेस तंबाकू से होने वाले वैश्विक स्वास्थ्य बोझ का 70 प्रतिशत हिस्सा भारत में हैं। स्मोकलेस तंबाकू के इस्तेमाल से हर साल 2,30,000 से ज्यादा भारतीयों की मौत होती हैं। भारत में मुंह के कैंसर के लगभग 90 प्रतिशत मामले स्मोकलेस तंबाकू के इस्तेमाल से होते हैं। जो लोग बीड़ी और सिगरेट पीते हैं ।


**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

# जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने अनुवाद की मूक पशुओं की भाषा

**महेन्द्र तिवारी**

**मानव** सभ्यता के इतिहास में यह इच्छा हमेशा से रही है कि हम अपने आस-पास के मूक पशुओं की भाषा को समझ सकें। पौराणिक कहानियों से लेकर आधुनिक विज्ञान कथाओं तक, जानवरों से बातचीत करने की क्षमता को हमेशा एक जादुई शक्ति या वरदान के रूप में प्रस्तुत किया गया है। परंतु वर्तमान समय में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को गहराई से प्रभावित कर रही है, यह प्राचीन स्वप्न भी अब वास्तविकता का रूप लेने लगा है। चीन के एक नए तकनीकी स्टार्टअप ने इस दिशा में एक अत्यंत क्रांतिकारी और साहसिक कदम उठाया है जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों, पशु प्रेमियों तथा तकनीकी जगत को अचंभित कर दिया है। इस चीनी कंपनी ने एक ऐसा विशेष उपकरण तैयार किया है जो पालतू जानवरों की आवाजों और उनके शारीरिक हाव-भाव का विश्लेषण करके उसे इंसानी भाषा में अनुवाद करने में सक्षम है। इस पूरे आविष्कार में सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली बात यह है कि इस उपकरण के माध्यम से किए जाने वाले अनुवाद को 95 प्रतिशत तक सटीक बताया जा रहा है, जो कि विज्ञान और तकनीक की दुनिया में एक बहुत बड़ा और अभूतपूर्व दावा माना जा रहा है। इस अनोखी और अत्याधुनिक तकनीक को विकसित करने का पूरा गौरव चीन के हांगझोउ शहर में कार्यरत एक नए स्टार्टअप मेंग श्याओयी को जाता है। इस संस्थान ने वर्षों के व्यापक शोध और जटिल परीक्षणों के उपरांत पेट्टीचैट नाम का एक अनूठा स्मार्ट कॉलर बाजार में पेश किया है। यह गले में पहनाया जाने वाला कोई साधारण पट्टा नहीं है, अपितु इसके अंदर कृत्रिम बुद्धिमत्ता की एक पूरी कार्यप्रणाली समाहित है। इस गैजेट की मूल संरचना को शक्ति प्रदान करने के लिए अलीबाबा क्लाउड के सुप्रसिद्ध क्वेन एआई मॉडल का प्रयोग किया गया है। इस मॉडल को विशेष रूप से पशुओं के व्यवहार, उनकी विभिन्न ध्वनियों और मनोदशाओं को समझने के लिए ही तैयार किया गया है। इस पूरी तकनीक को विकसित करने में वैज्ञानिकों और डेवलपर्स को पूरे 2 वर्ष का लंबा समय लगा है। इस लंबी अवधि के दौरान कंपनी ने अनेक अनुभवी पशु चिकित्सकों और पशु व्यवहार विशेषज्ञों का सहयोग लिया।

# आशिकी के चक्कर में बकरा हलाल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**इश्क** जब परवान चढ़ता है तो मजनू लैला के लिए तारे तोड़ लाता है। लेकिन जब यही इश्क बेंगलुरु के किसी लॉ कॉलेज की कैंटीन में कड़क चाय और समोसे के साथ पकता है, तो कानून की किताबें सिर्फ कोर्ट में गवाही मुकरने के काम आती हैं, साहब। कहानी शुभा नाम की उस इक्कीस साल की कन्या की है, जिसका दिल उन्नीस साल के अपने जूनियर अरुण वर्मा पर ऐसा आया कि लगा दुनिया के सारे ट्रैफिक सिग्नल हरे हो गए हैं। अब माता-पिता तो ठहरे पुराने जमाने के रेडियो, जिनमें सिर्फ सामाजिक सुरक्षा के गाने बजते हैं। उन्होंने अरुण को देखा तो कहा कि बेटा, इस लौंडे की मूंछें ठीक से उगी नहीं हैं, यह तुम्हें क्या खिलाएगा। उन्होंने शुभा के लिए एक सीधा-साधा, संस्कारी और मोटी तनख्वाह वाला बकरा ढूंढा। नाम था बी. वी. गिरीश। सत्ताइस साल का बढ़िया सॉफ्टवेयर इंजीनियर, जिसका काम सिर्फ कंप्यूटर के की-बोर्ड पर उंगलियां नचाना और महीने की आखिरी तारीख को खाते में गिरते रुपयों को गिनना था।

तीस नवंबर की उस ठंडी शाम को जब सगाई के ढोल बज रहे थे, तो पूरा खानदान रसगुल्ले खाकर डकार ले रहा था। सबको लग रहा था कि लड़की का भविष्य अब सीधे स्वर्ग के हाईवे पर दौड़ने लगा है। कैमरे फ्लैश चमका रहे थे, पर शुभा के चेहरे की बत्ती गुल थी। वह ऐसे बैठी थी मानो सगाई की अंगूठी नहीं, तिहाड़ जेल का वारंट थमा दिया गया हो। वीडियो कैमरे वाले ने बार-बार कहा कि मैडम थोड़ा मुस्कुराइए, पर वह तो अंदर ही अंदर अपने अरुण के साथ जुदाई के आंसू पी रही थी। खैर, शादी पक्की होने के ठीक तीन दिन बाद, शुभा के भीतर अचानक एक आदर्श मंगेतर की आत्मा जाग उठी। उसने गिरीश को फोन घुमाया। आवाज में मिश्री घोलकर बोली कि सुनो जी, शादी से पहले थोड़ा एक-दूसरे को समझ लेते हैं। चलो, आज शाम डिनर करते हैं और फिर एचएएल एयरपोर्ट के पास इनर रिंग रोड पर चलकर हवाई जहाजों को उड़ते हुए देखेंगे।

गिरीश ठहरा कंप्यूटर का सीधा प्रोग्राम। उसने जिंदगी भर कोडिंग सीखी थी, औरतों की डिकोडिंग उसे आती नहीं थी। वह फूला नहीं समाया।

# जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी: योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी। कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता। उन्होंने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा प्रेरणा देती है कि अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथैव च यानी सामान्य जीवन में अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म होना चाहिए, लेकिन सामने वाला देश व समाज की सुरक्षा के लिए खतरा है तो उसके लिए अंततः हिंसा ही अपनानी पड़ेगी। देश के दुश्मन के साथ यही हमारा धर्म है और भारतीय सेना पूरी मजबूती के साथ यह करती है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को राजधानी लखनऊ में दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका (नौसेना शौर्य संग्रहालय के द्वितीय चरण) के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित सैन्य अधिकारियों, कार्मिकों व जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने





मुख्यमंत्री के साथ इस वाटिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नौसेना बैंड की अनुपम प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब सोच बड़ी होती है और व्यक्ति बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिणाम आता है, जो युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान करता है। इस वाटिका में आने वालों को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी मिलेगी। हमारे सैनिक किन सम-विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं, यह भी जानने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी युवाओं के जीवन में चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा होगी। नौसेना का लक्ष्य उसकी विराट सोच का प्रतीक है। उन्होंने आदर्श वाक्य ह्लनभः स्पृशं दीप्तम्ह्व का जिक्र किया और कहा कि आकाश की ऊंचाइयां छूने के लिए बड़ी सोच भी चाहिए। संकुचित सोच या भाव से बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता।

योगी ने कहा कि हमारे मन में सेना व यूनिफॉर्मधारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हो। जब भारतीय सैनिक माइनस डिग्री तापमान, रेगिस्तान की झुलसाने वाली गर्मी और समुद्र की लहरों का मुकाबला करते हुए सीमाओं की रक्षा करता है, तब 140 करोड़ भारतवासी चैन की नींद सोते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही जन-कल्याण एवं विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में रोज कर्फ्यू लगता था, पेशेवर माफिया व अपराधियों ने जीना हराम कर दिया था। असुरक्षित वातावरण में विकास व निवेश की संभावनाएं क्षीण हो गई थीं, लेकिन जब हमारे जवान सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं तो नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे उनके प्रति सम्मान का भाव रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में एक तरफ राष्ट्र प्रेरणास्थल है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री ने 25 दिसंबर को किया था तो दूसरी तरफ नौसेना म्यूजियम के रूप में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का अद्भुत केंद्र यहां प्राप्त हुआ है। अभी इसका विस्तार भी होगा।

# युवा भावी जीवन में संवेदना के साथ उत्कृष्टता पर दें बल : राज्यपाल पटेल

**विचार और चरित्र**

**युवा हमारे देश की आशा और सामर्थ्य हैं। उनके विचार और चरित्र ही देश का भविष्य तय करेंगे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि युवा हमारे देश की आशा और सामर्थ्य हैं। उनके विचार और चरित्र ही देश का भविष्य तय करेंगे। जरूरी है कि हमारे युवा जो भी कार्य करें उसमें उत्कृष्टता और संवेदना पर विशेष बल दें। उन्होंने कहा कि जीवन में संवेदना का भाव ही सबसे महत्वपूर्ण है। ममता और करुणा का मोल पैसों से कहीं ज्यादा है। इसलिए भावी जीवन में सफलता की ऊंचाईयों पर चढ़ते कभी भी उन लोगों को नहीं भूलें जिन्होंने आपका सहयोग किया है। राज्यपाल पटेल शनिवार को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में आयोजित सिस्सटेक ग्लोरी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल का कार्यक्रम में शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया। प्रारम्भ में राज्यपाल पटेल ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि जीवन में हर पहलु के दो पक्ष होते हैं। सफलता सही दिशा में सही प्रयासों में है। उन्होंने कहा कि सफलता अकेले की नहीं होती है। समाज के अनेक लोगों का प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से योगदान होता है। उन्होंने एक दृष्टांत के माध्यम से बताया कि जीवन में कभी भी कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे माता-पिता को कष्ट हो।

उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आना स्वाभाविक है। निष्ठावान प्रयास ही सबसे महत्वपूर्ण है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि ग्लोरी आयोजन केवल नौकरी प्राप्त करने का उत्सव नहीं है। जीवन में नई जिम्मेदारियों और नए संकल्पों की शुरूआत का भी प्रसंग है। प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले युवाओं का दायित्व है कि भावी जीवन में अपने ज्ञान और प्रतिभा के उपयोग से गरीब और वंचित लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के समाज के प्रयासों में योगदान दें। आपकी मेहनत और ईमानदारी से ही आपकी व्यक्तिगत, संस्था की और देश की खुशहाली और उन्नति होगी। देशभक्ति का सबसे प्रभावी तरीका सेवा भाव और समर्पण के साथ अपने कार्यों और कर्तव्यों को करना है।

# ईमानदारी और पारदर्शिता ही सुशासन की पहचान: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प को साकार करने में कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना से किया गया कार्य ही सुशासन की वास्तविक पहचान बनता है। उन्होंने कर्मचारियों का आान करते हुए कहा कि वे भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहकर जनसेवा को अपना सर्वोच्च ध्येय बनाएं और जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के नवम महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारी कल्याण स्मारिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न खाऊंगा और न खाने दूंगा के मूलमंत्र को आधार बनाकर प्रदेश में कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 103



अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है, जबकि 6 अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया है। साथ ही 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई गई है। इसके अतिरिक्त रिश्वत, ट्रैप, पद के दुरुपयोग और आय से अधिक संपत्ति के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी गई है। वहीं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 अन्य मामलों में भी सख्त कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी शहर की पहचान उसकी स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं से होती है। प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर पालिका कर्मचारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने पूरे देश में 16वां स्थान हासिल किया है, जबकि 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में उदयपुर 13वें स्थान पर रहा। उन्होंने कहा कि अब लक्ष्य राजस्थान के शहरों को देश में स्वच्छता के मामले में अग्रणी बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान ने लोगों की स्वच्छता संबंधी आदतों में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि घर-घर शौचालय निर्माण से महिलाओं को गरिमा मिली है। साथ ही स्मार्ट सिटी मिशन के जरिए शहरों में आधारभूत ढांचे और नागरिक सुविधाओं का व्यापक विकास किया जा रहा है।

# विकसित भारत का सपना अब प्रत्येक भारतीय का सपना: मुख्यमंत्री धामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है और विकसित भारत का सपना अब प्रत्येक भारतीय का सपना बन चुका है। उन्होंने कहा कि "रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म" की नीति ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री धामी शनिवार को देहरादून के शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित प्रबुद्ध गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह सकती। शिक्षण संस्थानों में कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार, बहुविषयक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री उद्यमशाला जैसी पहलें युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण

**अभूतपूर्व**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है : सीएम धामी**

भूमिका निभा रही हैं। धामी ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक आवश्यकताओं के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य कर रही है। प्राचीन भारत विश्व का अग्रणी ज्ञान केंद्र था और नई शिक्षा नीति उसी गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डिजिटल लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप, नवाचार एवं स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देते हुए युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाया जा रहा है।

# अभिषेक पर कथित हमले को लेकर टीएमसी का भाजपा पर हमला




**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि राजनीतिक हिंसा और डराने-धमकाने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंच रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि अभिषेक बनर्जी पर हुआ कथित हमला भाजपा की राजनीति का वास्तविक चेहरा उजागर करता है।

पार्टी के अनुसार, यदि एक मौजूदा सांसद को दिनदहाड़े निशाना बनाया जा सकता है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। पार्टी ने बयान में कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेदों का समाधान संवाद और संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होना चाहिए, न कि हिंसा और धमकी के जरिए। तृणमूल ने आरोप लगाया कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक संस्थाओं और राजनीतिक संस्कृति को कमजोर करती हैं। बयान में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा गया कि क्या यही लोकतंत्र और सुशासन का वह मॉडल है, जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार करते हैं। पार्टी ने दावा किया कि राजनीतिक हिंसा और धमकी भाजपा शासन की पहचान बनती जा रही है। तृणमूल कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि घटना में शामिल लोगों को फिलहाल राजनीतिक संरक्षण मिल सकता है, लेकिन उन्हें अंततः जवाबदेही का सामना करना पड़ेगा। पार्टी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए इस घटना को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला बताया।

# बंगाल में लागू होगा एनएचएम, केंद्र ने मंजूर किए 2103 करोड़: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) लागू किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 2103 करोड़ की मंजूरी दी है, जिनमें से 527 करोड़ रुपये की पहली किस्त राज्य को प्राप्त हो चुकी है। कोलकाता में स्वास्थ्य विभाग के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और लोगों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने



में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र से प्राप्त धनराशि का उपयोग स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पश्चिम बंगाल में आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.36 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से राज्य की बड़ी आबादी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों की निगरानी और

**स्वास्थ्य सेवा**

**स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी**

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं। इन नियंत्रण कक्षों के माध्यम से अस्पतालों के कामकाज की नियमित समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के साथ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे असम के राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य मंगोलिया में आयोजित होने वाले पवित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम के लिए भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों अरहंत सारिपुत्र और अरहंत मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेषों को लेकर जाने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के सांची विहार चैत्य में संरक्षित इन पवित्र अवशेषों को 9 जून तक मंगोलिया में रखा जाएगा। इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य भारत और मंगोलिया के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत और बौद्ध संबंधों को और अधिक मजबूत करना है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप से जुड़े ये पवित्र अवशेष दुनियाभर के बौद्ध अनुयायियों के लिए अत्यंत श्रद्धा का विषय हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल पर की गई है, ताकि भारत और मंगोलिया के बीच सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को और प्रगाढ़ किया जा सके। मंगोलिया को बौद्ध जगत में भारत का आध्यात्मिक पड़ोसी माना जाता है।

# पूर्व सैनिकों ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से की मुलाकात

**संवाद**

**इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के नेतृत्व में शनिवार को देहरादून स्थित बीजापुर गेस्ट हाउस में उत्तराखंड के रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से



भेंट कर उनका उत्तराखंड आगमन पर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित रहे। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा अध्यक्ष को प्रथम विश्व युद्ध के महानायक एवं गढ़वाल राइफल्स के वीर योद्धा गब्बर सिंह नेगी की स्मृति से जुड़ा स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्तराखंड की गौरवशाली सैन्य परंपरा से अवगत कराया। भेंटवार्ता के दौरान पूर्व सैनिकों एवं सैन्य अधिकारियों ने उत्तराखंड की वीरभूमि की सैन्य विरासत, पूर्व सैनिकों के कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण में सैनिकों के योगदान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। नितिन नवीन ने पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और अखंडता बनाए रखने में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की भूमिका अतुलनीय है।

# जब चाय पर बुलाना था, तब पूर्व सीएम चर्चा से भागते रहे: शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर उनका नाम लिए बगैर तंज कसा। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए चाय के निमंत्रण और राजनीतिक तंज पर शेखावत ने पलटवार करते हुए कहा कि जब चाय पर बुलाने की जरूरत थी, जब वो राजस्थान के मुख्यमंत्री थे, राजस्थान को जल जीवन मिशन में सबसे ज्यादा संसाधन दिए गए थे, उस समय में चाय पर बुलाकर बात करने की, चर्चा करने का विषय था, चर्चा करने की आवश्यकता भी थी, लेकिन तब तिथियों पर तिथियां तय करने के बाद भी वो निरंतर भागते रहे। चाय पर बुलाने के बजाय कहीं और मुझे भेजने की कोशिश करते रहे, लेकिन नाकामयाब हुए। उसकी



खिसियाट अभी भी शायद बाकी है। शेखावत शनिवार को सुबह दिल्ली से अपने गृह नगर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से संबंधित विकास कार्यों की शुरूआत को लेकर पूछे सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय इसके लिए लगातार प्रयासरत है। वर्तमान में कुछ तकनीकी और छोटे-मोटे विषय शेष हैं, जिन्हें शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री की उपलब्धता के आधार पर इसके उद्घाटन की तिथि निर्धारित की जा रही है, जिसके बाद इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

आरएलपी कार्यकताओं और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से जुड़े एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की किसी घटना की गुंजाइश है। न इस तरह के किसी कृत की स्वीकारता है।

**साधा निशाना**

**चर्चा करने की आवश्यकता भी थी, तब तिथियों पर तिथियां तय करने के बाद भी वो निरंतर भागते रहे**

शब्दों की मर्यादा सभी को बनाकर रखनी चाहिए। जिस तरह बयानबाजी हो रही है, जिस तरह के शब्दों का प्रयोग हो रहा है, वो शब्दों का प्रयोग चाहे कोई भी करे, सबको अपने शब्दों की मयार्दा और शब्दों का सम्मान बना करके रखना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से वहां के हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। कश्मीर के जमीनी बदलाव को शब्दों में बयां करना वैसे ही कठिन है, जैसे नीम की पत्ती के स्वाद को समझाना। इसे महसूस करने के लिए वहां जाना होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा कश्मीर पर्यटकों से अटा पड़ा है। पिछले वर्ष की कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के बाद जहां पहलगाम के पर्यटन को झटका लगा था, वहीं आज पहलगाम एक बार फिर देश-विदेश के सैलानियों की चहल-पहल और रौनक से गुलजार है। जोधपुर में पर्यटकों की बढ़ती संख्या पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ समय में हवाई जहाजों के फेरे बढ़े हैं, नया रेल नेटवर्क स्थापित हुआ है और सडकों का कायाकल्प हुआ है। इस बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ और देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था के कारण ही आज पर्यटन क्षेत्र तेजी से गति पकड़ रहा है।

# महान कवि, लेखक और रचनाकार अपने ज्ञान और कार्यों के माध्यम से अमर हो जाते हैं : उपराज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में दो दिवसीय कश्मीर साहित्य महोत्सव-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक अच्छा उपन्यास वह प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, जिसे संस्थान करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी कई बार हासिल नहीं कर पाते। उपराज्यपाल ने कहा कि महान कवि, लेखक और रचनाकार अपने ज्ञान और सृजन के माध्यम से अमर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानव शरीर नश्वर है, लेकिन रचनात्मक कार्य अमरता का प्रतीक



बन जाते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आए अतिथियों का स्वागत करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विश्वास व्यक्त किया कि 30 और 31 मई को आयोजित महोत्सव के दौरान वे कश्मीर की समृद्ध सांस्कृतिक, बौद्धिक और साहित्यिक विरासत का अनुभव करेंगे। भारतीय पौराणिक कथाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का साहित्यिक जगत आज भी उस हनुमान की तरह है, जिसने अपनी शक्ति को पूरी तरह नहीं पहचाना। उन्होंने कहा कि भारत की साहित्यिक और बौद्धिक परंपरा को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने की आवश्यकता है। उपराज्यपाल ने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होने का समय आ गया है और देश के इतिहास को विकृत रूप में प्रस्तुत होने से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की बड़ी विफलताओं में से एक यह रही कि उसने अपने इतिहास को सही ढंग से लिखने और संरक्षित करने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जिससे कई भ्रामक कथाओं को बढ़ावा मिला।

# सरकारी सेवा में नियुक्ति से पहले डोप टेस्ट अनिवार्य होगा : मुख्यमंत्री

**भुगतान**

» सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लंबित भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित बैठक में बजट घोषणा के अनुसार चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित ग्रेच्युटी एवं अवकाश नकदीकरण के भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागाध्यक्षों को करुणामूलक आधार पर नौकरी के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों का पूरा विवरण उपलब्ध करवाने को कहा ताकि प्रदेश सरकार इन मामलों में उचित निर्णय ले सके।

मुख्यमंत्री ने चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाए गए सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चिट्टा के विरुद्ध जन आंदोलन शुरू किया है तथा नशा माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। युवाओं को नशे की बुराई से बचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सरकारी सेवा में नियुक्ति से पहले अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट अनिवार्य करने और इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों से रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए, ताकि इन्हें शीघ्र भरा जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जूनियर ऑफिस असिस्टेंट के 500 पद भरने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में आए तूफान के कारण वन भूमि पर गिरे और उखड़े पेड़ों की जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन पेड़ों को हटाने के लिए 1 जून से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गिरे हुए पेड़ों को हटाने में देरी से राज्य को संसाधनों की हानि होती है इसलिए वन विभाग प्राथमिकता के आधार पर इनका शीघ्र निष्पादन और निस्तारण सुनिश्चित करे।

मुख्य सचिव संजय गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत एवं ओंकार चंद शर्मा, प्रधान सचिव देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर और आशीष सिंहमार सहित अन्य प्रशासनिक सचिव इस बैठक में उपस्थित थे।

## बीटन में दो पक्षों के बीच मारपीट, एक का अंगूठा कटा, दांत टूट

**राजन पुरी**

**ऊना।** पुलिस थाना टाहलीवाल के तहत आने वाले बीटन गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट हुई है। घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर तेजधार हथियारों और डंडों से हमला करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत क्रॉस केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में धर्मेंद्र सिंह निवासी बीटन ने बताया कि गत दिवस वह टाहलीवाल ट्रक यूनियन की ओर जा रहा था। आरोप है कि गांव के मंदिर के पास अशोक कुमार उर्फ बगी और प्रदीप कुमार उर्फ दीपू ने उसका रास्ता रोक लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उसकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान किरपान से हमला किया गया, जिससे उसके हाथ का अंगूठा कट गया।

# पीएसयू आत्मनिर्भर भारत की रीढ़, नवाचार और सुशासन के वाहक : अनुराग सिंह ठाकुर

**परिवर्तन**

» पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने ऐतिहासिक परिवर्तन का अनुभव किया



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में गवर्नेंस नाउ द्वारा आयोजित 11वें इंडिया पीएसयू आईटी फोरम एंड अवॉर्ड्स 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी पुरस्कार विजेताओं तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बधाई दी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह मंच देश के प्रमुख नीति निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों, सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाकर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करता है, जो भारत के सार्वजनिक उपक्रमों और देश के भविष्य को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने ऐतिहासिक परिवर्तन का अनुभव किया है। वर्ष 2014 से पूर्व जिन सार्वजनिक उपक्रमों को अर्थव्यवस्था पर बोझ और निष्प्रभावी संस्थाओं के रूप में देखा जाता था, वे आज लाभ अर्जित करने वाले सशक्त संस्थानों और भारत की आर्थिक प्रगति के प्रमुख प्रेरक बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि मई 2014 तक सार्वजनिक उपक्रमों की कुल परिसंपत्ति मूल्य लगभग 9 लाख करोड़ रुपये थी, जो आज बढ़कर 80 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है।

**नोक-झोंक**



पवन धीमान/हमीरपुर : पंचायती राज चुनावों के दौरान उस समय माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया, जब सुजानपुर के विधायक रंजीत सिंह राणा मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विधायक के बूथ पर पहुंचने के दौरान भाजपा समर्थित जिला परिषद प्रत्याशी के एक संबंधी ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

# प्रदेश सरकार ने हिमकेयर योजना के बकाया भुगतान के लिए जारी किए 100 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमकेयर योजना के तहत लंबित भुगतान को चुकाने के लिए 100 करोड़ रुपये जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को उनके घर के निकट बेहतर और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके दृष्टिगत पिछले साढ़े तीन वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में कई सुधार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज चमियाणा, आईजीएमसी शिमला और टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में आधुनिक ऑटोमेटेड लैब स्थापित



करने के लिए 75 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इन प्रयोगशालाओं में खून के एक ही नमूने से कई तरह की जांच की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इन प्रयोगशालाओं में उपकरणों और टांडा व हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालय में पीईटी स्कैन मशीनों की खरीद के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद पर 3,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य राज्य के अस्पतालों में विश्वस्तरीय तकनीक उपलब्ध करवाकर मरीजों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को एमआरआई, सीटी स्कैन जैसी जांच के लिए प्रतीक्षा अवधि शून्य करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालयों में बड़ी शल्य चिकित्सा के लिए भी शून्य प्रतीक्षा अवधि सुनिश्चित करने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत्ति पर सेवादार प्रकाश चंद को दी विदाई



**हामिद खान**

**चंबा।** ज़िला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय चंबा में कार्यरत सेवादार प्रकाश चंद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस अवसर पर ज़िला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय चंबा में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

सहायक लोक संपर्क अधिकारी राकेश कुमार ने सेवादार के रूप में उनके दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान सदैव कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और लगन का परिचय दिया। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

प्रकाश चंद ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में वर्ष 1989 से अपनी सेवाएं आरंभ की थीं। ज़िले में उनकी उत्कृष्ट विभागीय सेवाओं एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें अनेक अवसरों पर जिला स्तरीय समारोहों के दौरान सम्मानित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों में सुरेश ठाकुर, जमीत सिंह, रजत डोगरा, उत्तम सिंह, अंकुश शर्मा, दिनेश कुमार ने भी प्रकाश चंद को शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान प्रकाश चंद की धर्मपत्नी अनीता देवी, बड़े भाई सीआर कपूर उनकी पत्नी डरपो देवी, बहन ब्रिकमा देवी, महेंद्र कपूर, बेटा लोकेन्द्र, बेटी मधु और अंकिता उपस्थित रहे।

### थानाकलां अस्पताल में महिला की बच्चेदानी से निकाली दो किलो की रसौली

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा के नागरिक अस्पताल थानाकलां में चिकित्सकों ने एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए महिला मरीज को बड़ी राहत प्रदान की है।

अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल राणा और उनकी टीम ने महिला की बच्चेदानी से लगभग दो किलोग्राम वजनी फाइब्रॉइड (रसौली) निकालकर उसका सफल ऑपरेशन किया। जानकारी के अनुसार बंगाणा क्षेत्र की रहने वाली महिला पिछले करीब दो वर्षों से स्त्री रोग संबंधी गंभीर समस्या से पीड़ित थीं। उन्हें अत्यधिक रक्तस्राव के साथ-साथ कई अन्य शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

## 107 साल की सैरौ देवी ने निभाया लोकतंत्र का फर्ज, पंचायत गठन के बाद सबसे पहले डाला वोट



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** पंचायती राज चुनावों के दौरान लोकतंत्र के प्रति अटूट आस्था की एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई। ग्राम ज़ख्योल की 107 वर्षीय सैरौ देवी ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया। विशेष बात यह रही कि पंचायत गठन के बाद उन्होंने सबसे पहले मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

उम्र के इस पड़ाव में भी सैरौ देवी का उत्साह और जागरूकता युवाओं के लिए मिसाल बना। मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों ने उनके जज्बे की सराहना की। सुबह-सुबह मतदान केंद्र पहुंचकर उन्होंने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर वोट की अहम भूमिका होती है। सैरौ देवी ने साबित कर दिया कि उम्र चाहे कितनी भी हो जाए, लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता कभी कम नहीं होनी चाहिए। उनका यह उत्साह क्षेत्र के मतदाताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहा।

# चम्बा के संचूई जंगल में भेड़ें चरा रहे चरवाहे पर भालू ने किया जानलेवा हमला, सिर पर आए 16 टांके

**हामिद खान**

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र भरमौर के तहत आने वाले संचूई के घने जंगलों में शुक्रवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ अपनी भेड़-बकरियों को चरा रहे एक स्थानीय भेड़पालक (चरवाहे) पर घात लगाकर बैठे एक आदमखोर भालू ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में भेड़पालक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। घायल के सिर पर गहरे जख्म आए हैं, जिन्हें सिलने के लिए डॉक्टरों को 16 टांके लगाने पड़े।

मिली जानकारी के अनुसार, घायल भेड़पालक की पहचान दिलावर सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद से पूरे संचूई और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भारी खौफ और दहशत का माहौल बना हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों और प्राप्त विवरण के अनुसार, यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे की है। रोजमर्रा की तरह दिलावर सिंह संचूई गांव से अपनी भेड़-बकरियों के झुंड को लेकर पास के जंगल की ओर गया था। वह मवेशियों को चराने में व्यस्त था कि तभी अचानक झाड़ियों में घात लगाकर बैठे एक भारी-भरकम भालू ने उस पर पीछे से हमला बोल दिया।

भालू के अचानक हुए इस हिंसक हमले से दिलावर सिंह को संभलने का मौका तक नहीं मिला। भालू ने उसके सिर और चेहरे को अपना निशाना बनाया। खुद को बचाने के लिए दिलावर सिंह ने बहादुरी से संघर्ष किया और ज़ोर-ज़ोर से चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया।

दिलावर सिंह की चीखें सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों की भारी भीड़ को अपनी तरफ आता देख भालू घबरा गया और घायल को छोड़कर घने जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ।

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए खून से लथपथ दिलावर सिंह को तुरंत संभाला और बिना वक्त गंवाए उसे नागरिक अस्पताल भरमौर पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उसका आपातकालीन उपचार शुरू किया।

नागरिक अस्पताल भरमौर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अमर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया किभालू के हमले से घायल भेड़पालक को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया है। उसके सिर पर गहरा घाव होने के कारण 16 टांके लगाए गए हैं। सिर पर कोई गंभीर अंदरूनी चोट या ब्लीडिंग न हो, इसे सुनिश्चित करने और ऐहतियात के तौर पर सीटी स्कैन करवाने के लिए मरीज़ को मेडिकल कॉलेज चम्बा रेफर कर दिया गया है।

## कृषि विभाग बंगाणा में 2 जून से उपलब्ध होंगे खरीफ फसलों के बीज

**राजन पुरी**

**ऊना।** खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत कृषि विभाग बंगाणा द्वारा किसानों को मक्का, ज्वार एवं बाजरा के बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। कृषि विभाग के अधिकारी सतपाल धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 जून से कृषि विभाग कार्यालय बंगाणा में किसानों को इन फसलों के बीज वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसान बीज प्राप्त करते समय अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं, ताकि वितरण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। विभाग का उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध करवाना है, जिससे वे खरीफ फसलों की बुवाई समय पर कर सकें और बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। सतपाल धीमान ने क्षेत्र के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि पर कार्यालय पहुंचकर बीज प्राप्त करें।

## क्रैक अकादमी और रियल एस्टेट घोटाले का क्या है संबंध, सरकार दे जवाब : सुधीर शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार और क्रैक अकादमी से जुड़े मामलों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस संस्था को कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के हजारों युवाओं के भविष्य से जोड़ते हुए बड़े स्तर पर प्रचारित किया था, आज उसी संस्था से जुड़े लोगों के नाम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई और जांच के दायरे में आने से अनेक प्रश्न खड़े हो गए हैं।

सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वयं नवंबर 2024 में क्रैक अकादमी के साथ बैठक कर 6800 विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए लगभग 34 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति योजना का प्रचार किया था। उस समय इसे विश्व का सबसे बड़ा सरकारी सहायता प्राप्त छात्रवृत्ति कार्यक्रम बताया गया और प्रदेशभर में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

उन्होंने कहा कि अब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रियल एस्टेट समूह से जुड़े दो प्रमोटरों की ईडी द्वारा गिरफ्तारी की गई है और मनी लॉन्ड्रिंग तथा वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामलों की जांच चल रही है।

ऐसे में सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जिन संस्थाओं और व्यक्तियों के साथ वह सार्वजनिक मंचों पर साझेदारी और योजनाओं की घोषणा कर रही थी, उनके चयन और सत्यापन की प्रक्रिया क्या थी।

# 17 जिला परिषद और 107 पंचायत समिति सीटों पर सीटों का फैसला आज

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला ऊना में पंचायती राज चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के साथ ही 17 जिला परिषद सदस्यों और 107 पंचायत समिति सदस्यों का राजनीतिक भविष्य मतपेटियों में कैद हो गया है। अब सभी प्रत्याशियों और समर्थकों की नजरें 31 मई को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जिसके साथ ही कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना रविवार 31 मई को सुबह 9 बजे से निर्धारित केंद्रों पर शुरू होगी। विभिन्न उपमंडलों में पंचायत समिति और जिला परिषद सीटों की मतगणना अलग-अलग केंद्रों पर करवाई जाएगी। ऊना उपमंडल की 24 पंचायत समिति सीटों और 4 जिला परिषद वार्डों की मतगणना राजकीय महाविद्यालय ऊना में होगी। वहीं अंब उपमंडल की 22 पंचायत समिति सीटों और 3 जिला परिषद वार्डों की मतगणना राजकीय महाविद्यालय अंब में की जाएगी। बंगाणा उपमंडल की 19 पंचायत समिति सीटों और 3 जिला परिषद वार्डों के परिणाम अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में घोषित किए जाएंगे। इसी प्रकार हरोली उपमंडल की 24 पंचायत समिति सीटों और 4 जिला परिषद वार्डों की मतगणना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली में होगी, जबकि गगरेट उपमंडल की 20 पंचायत समिति सीटों और 3 जिला परिषद वार्डों की मतगणना बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा में संपन्न करवाई जाएगी। जिले में दो पंचायत समिति सदस्य पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि शेष 107 पंचायत समिति सीटों और 17 जिला परिषद सीटों के लिए मतों की गिनती की जाएगी। मतगणना प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रत्येक टेबल पर तीन सदस्यीय मतगणना दल तैनात किया गया है। इनमें एक पर्यवेक्षक तथा दो सहायक कर्मचारी शामिल होंगे। इसके अलावा आवश्यकता पडने पर उपयोग के लिए रिजर्व पार्टियां भी तैनात रखी गई हैं। ऊना उपमंडल में मतगणना के लिए 28 टेबल स्थापित किए गए हैं, जहां 34 पार्टियां कार्य करेंगी। अंब उपमंडल में 15 टेबलों पर 19 पार्टियां, गगरेट में 20 टेबलों पर 23 पार्टियां, हरोली में 12 टेबलों पर 15 पार्टियां तथा बंगाणा में 18 टेबलों पर 21 पार्टियां मतगणना कार्य में जुटेंगी। मतगणना को लेकर प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। रविवार को मतों की गिनती शुरू होते ही जिले की राजनीतिक तस्वीर भी साफ होने लगेगी और पंचायत समिति तथा जिला परिषद की कई सीटों पर नए जनप्रतिनिधियों के नाम सामने आएंगे।

# चुनावों के बीच लोगों की दिखी रंजिश, अढ़ाई सौ इटालियन सेब के पौधों को रातों रात काट डाला

**हामिद खान**

**चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देहरोग के गांव मझोगा में पंचायत चुनाव से ठीक पहले सेब के सैकड़ों पौधे काटे जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और पंचायत चुनाव के माहौल के बीच इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।



जानकारी के अनुसार गांव मझोगा निवासी सलीम खान पुत्र नजीर ने पुलिस चौकी नकरोड़ (तीसा) में शिकायत देकर बताया कि 28 मई की रात करीब 11 बजे अज्ञात लोगों ने उनके सेब के बगीचे में घुसकर भारी नुकसान पहुंचाया। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके बगीचे में करीब पांच वर्ष पुराने इटालियन वैरायटी के सेब के पौधे लगे थे, जिनमें से लगभग 250 से अधिक पौधों को काट दिया गया।

पीड़ित का कहना है कि इन पौधों को तैयार करने में वर्षों की मेहनत और लाखों रुपये खर्च हुए थे। अचानक इस तरह पौधों को काटे जाने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत चुनाव के चलते क्षेत्र में पहले से ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं और इस तरह की घटना से माहौल और अधिक गर्म हो गया है। कुछ लोगों का मानना है कि शरारती तत्वों ने चुनावी माहौल को प्रभावित करने और मतदाताओं का ध्यान भटकाने के उद्देश्य से इस वारदात को अंजाम दिया हो सकता है।

घटना के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द जांच कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। वहीं पुलिस प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।